# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025







# नई आबकारी नीति पर मुहर, फॉरेन लीकर पर एक्सट्रा ड्यूटी खत्म, 1 अप्रैल से सस्ती होगी शराब!

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में रविवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की नई आबकारी नीति को मंजूर कर लिया गया। नई नीति में दुकानें तो यथावत रहेंगी, पर विदेशी शराब में एक्सट्रा ड्यूटी को खत्म कर दिया गया, इससे संभव है कि पहली अप्रैल से विदेशी शराब सस्ती हो जाए। बैठक में रजिस्ट्र अधिनियम में बदलाव के प्रारूप को भी मंजूरी दे दी गई यानी राज्य में 1908 से लागू रजिस्ट्री अधिनियम बदला जाएगा। इस काम के लिए राज्य सरकार ने रजिस्ट्रीकरण संशोधन अधिनियम ला रहा है। बताया गया है कि यह विधेयक अब राज्य विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र में पेश किया जाएगा। विधेयक पारित होने के बाद उसे अनुमति के लिए राज्यपाल के पास भेजेंगे। अनुमति मिलने के बाद से राज्य में नया रजिस्ट्री अधिनियम लागू हो जाएगा।

## 112 साल बाद बदलेगा छत्तीसगढ़ का रजिस्ट्री अधिनियम, कैबिनेट की मंजूरी, विधानसभा में होगा पेश

### नई आबकारी नीति का अनुमोदन

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति वर्ष 2024-25 की भांति होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 674 मदिरा दुकानें तथा आवश्यकता अनुसार प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित करने का निर्णय भी यथावत रखा गया है। देशी मदिरा की आपूर्ति पूर्ववत रेट ऑफर प्रभावी रहेगा। विदेशी मदिरा थोक क्रय, वितरण ▶▶| शेष पेज 4 पर



### रजिस्ट्री उप पंजीयक के पदों के लिए छूट

रजिस्ट्री ऑफिसों के नियमित रूप से संचालन के लिए वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में उप पंजीयक के पदोन्नति श्रेणी के रिक्त 9 पदों की पूर्ति के लिए पांच वर्ष की अर्हकारी सेवा में एक बार के लिए छूट देन का निर्णय लिया गया।

### भंडार क्रय नियम में संशोधन

राज्य में 01 नवम्बर 2024 से औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रभावशील है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम-2002 में प्रस्तावित संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार एवं व्यक्ति विकास केन्द्र इंडिया (द आर्ट ऑफ लिविंग) के मध्य आजीविका सृजन एवं ग्रामीण छत्तीसगढ़ का कल्याण विषयक एमओयू के लिए राज्य सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग को अधिकृत किया गया।

### धान परिवहन के लिए अनुशंसित दर मंजूर

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के समर्थन मूल्य योजना में धान एवं चावल परिवहन की दर के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा दर को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। ▶▶| शेष पेज 4 पर


## खबर संक्षेप

### सांबा में जंग लगी टैंक रोधी बारूदी सुरंग मिली



**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में जंग लगी एक टैंक रोधी बारूदी सुरंग मिली, जिसे बम निरोधक दस्ते ने नियंत्रित विस्फोट के जरिए नष्ट कर दिया। सीमा चौकी तंवर के निकट कमोर गांव में एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के दौरान एक ग्रामीण ने शनिवार को इस बारूदी सुरंग को देखा।

### दो बाइक की टक्कर से पांच की मौत



**आगरा।** आगरा जिले के कागारौल इलाके में दो मोटरसाइकिल की टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। सैंया इलाके के रहने वाले चार लोग भगवान दास (35), वकील (35), राम स्वरूप (28) और सोनू (30) एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर शादी समारोह में गए थे।

### किसानों को पांच रुपए में बिजली कनेक्शन



**भोपाल।** मप्र के सीएम मोहन यादव ने रविवार को घोषणा की कि किसानों को मात्र पांच रुपए में स्थायी बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। मध्य प्रदेश केंद्रीय विद्युत वितरण कंपनी जल्द ही इस योजना को शुरू करेगी। उन्होंने कहा, जिन किसानों के पास स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं है, उन्हें पांच रुपये में यह सुविधा दी जाएगी।

## वित्तमंत्री चौधरी आज पेश करेंगे बजट, कहा-यह विकसित छत्तीसगढ़ बनाने वाला सभी के लिए होगा

# अब तक का सबसे बड़ा बजट, इंफ्रा, स्टार्टअप और एग्रीकल्चर के लिए खुलेगा खजाना

*छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना वर्ष में राज्य सरकार का अब तक का सबसे बड़ा बजट सोमवार को पेश होगा। राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी यह बजट पेश करने वाले हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऐसा कहा जा रहा है कि युवाओं के लिए स्टार्टअप, इंफ्रास्ट्रक्चर, एग्रीकल्चर समेत कई सेक्टरों के लिए खजाना खोला जा रहा है। बजट के पूर्व श्री चौधरी ने उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाला बजट होगा। विकसित राष्ट्र विकसित छत्तीसगढ़ बनाने वाला बजट होगा। जीवायएएन का अगला स्टेप कल पेश होगा। यह बजट सभी वर्गों के लिए होगा, वित्त के जानकारों का अनुमान है कि यह बजट 160 से 180 लाख करोड़ रुपए तक का हो सकता है। ▶▶| शेष पेज 4 पर



### इन क्षेत्रों पर हो सकता है सरकार का फोकस

वित्त मंत्री श्री चौधरी के बजट में सरकार की प्राथमिकता में कई क्षेत्र हो सकते है। पिछले कुछ वर्षों के बजट को देखें तो सरकार कृषि, स्वास्थ्य और शहरी व ग्रामीण विकास की योजनाओं पर अधिक खर्च करती रही हैं। मौजूदा सरकार ने अपने बजट में शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, कला और संस्कृति पर सबसे अधिक ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अमर ने तीन साल तो रमन ने 12 साल पेश किया

2003 में बीजेपी सत्ता में आई, तब वित्त मंत्री अमर अग्रवाल ने 3 बार बजट पेश किया। मुख्यमंत्री के रूप में 2007 में रमन सिंह ने अपने कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। 2007 से लेकर 2018 तक रमन सिंह ने वित्त विभाग को अपने पास रखा और हर साल बतौर सीएम वे बजट पेश करते रहे। इस तरह रमन सिंह ने कुल 12 बार बजट पेश किया। 2018-19 में अंतिम बजट पूश किया। उनके कार्यकाल के दौरान बजट में मूल रुप से अधोसंरचना विकास पर फोकस रहा।

### बजट आने के पहले सियासत शुरू

वित्तमंत्री द्वारा सोमवार को बजट पेश करने से पहले इसे लेकर सियासत शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एक दिन पहले ही बजट को लेकर ये बयान दिया है कि यह बजट विनाश करने वाला बजट होगा। उनके इस बयान पर वित्तमंत्री श्री चौधरी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि बजट आया नहीं, उसके पहले आलोचना कर रहे हैं, यह उनकी नकारात्मक राजनीति का परिचय है।

**हरिभूमि ने उठाया था छग में महंगी शराब का मुद्दा**

## दूसरे राज्यों में सस्ती इसलिए हो रही तस्करी, अब रुकेगी



अवैध शराब का गढ़ छत्तीसगढ़... क्योंकि पड़ोसी राज्यों में 40 फीसदी तक सस्ती

*शराब सस्ती होने के संबंध में आबकारी सचिव आर. संगीता ने मीडिया से कहा है कि आसपास के राज्यों से दूसरे प्रदेशों के लिए बनी अंग्रेजी शराब की बहुत तस्करी होती है, जिसका काफी हिस्सा पकड़ा भी जाता है। अगल-बगल के प्रदेशों में अंग्रेजी शराब का रेट काफी कम होने के कारण वहां से शराब इस राज्य में घुसपैठ करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए आबकारी शुल्क कम किया गया है।*

*हालांकि उन्होंने ये भी कहा, अभी यह कहना संभव नहीं है कि इससे ग्राहकों को अंग्रेजी शराब कितनी सस्ती मिलेगी, लेकिन दाम में काफी कमी आएगी। कमी का हिसाब आने वाले दिनों में लगाया जाएगा, जब छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाहर की शराब कंपनियों से रेट कांट्रेक्ट होगा। नया रेट 1 अप्रैल से लागू होगा।*

**दक्षिण में बवाल के बाद बोले केंद्रीय मंत्री**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति राज्यों पर नहीं थोपेगी हिंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति राज्यों पर हिंदी नहीं थोपेगी और इस संबंध में तमिलनाडु के विरोध के पीछे 'राजनीतिक कारण' हैं। प्रधान ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने एनईपी-2020 में कभी नहीं कहा कि केवल हिंदी होगी। हमने केवल यह कहा है कि शिक्षा मातृभाषा पर आधारित होगी, तमिलनाडु में यह तमिल होगी। शिक्षा मंत्री की यह टिप्पणी एनईपी और तीन भाषा नीति के कार्यान्वयन को लेकर तमिलनाडु सरकार और केंद्र में टकराव के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### विभिन्न भाषाओं पर केंद्रित नई शिक्षा नीति

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनईपी-2020 भारत की विभिन्न भाषाओं पर केंद्रित है। चाहे वह हिंदी हो, तमिल हो, उड़िया हो या पंजाबी। सभी भाषाओं का समान महत्व है। तमिलनाडु में कुछ लोग राजनीति के कारण इसका विरोध कर रहे हैं।

**शेयर बाजार 'धोखाधड़ी' का मामला**

## पूर्व सेबी चीफ बुच समेत पांच पर दर्ज होगी एफआईआर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामकीय उल्लंघन के संबंध में शेयर बाजार नियामक सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत ▶▶| शेष पेज 4 पर



### पहली महिला सेबी प्रमुख

भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख बुच पर अमेरिका स्थित शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने हितों के टकराव के आरोप लगाए थे। बुच ने शुक्रवार को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया। सेबी ने कहा कि वह 'इस आदेश को चुनौती देने के लिए प्रतिबद्ध है।'

### इन पर दर्ज होगा केस

माधबी पुरी बुच के अलावा जिन अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, उनमें बीएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुंदररामन राममूर्ति, इसके तत्कालीन चेयरमैन और जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल और सेबी के तीन पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय शामिल हैं।






**भक्तों को करना होगा लंबा इंतजार, रात्रि 11.26 से 12.30 तक ही शुभ घड़ी**

# भद्रा का साया, होलिका दहन के लिए मिलेंगे मात्र 64 मिनट

**हरिभूमि सरोकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होलिका दहन के लिए इस बार भक्तों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। देर रात तक इंतजार करने के बाद ही भक्तगण होलिका दहन कर सकेंगे। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10.35 मिनट पर होगी और अगले दिन 14 मार्च को दोपहर 12.23 तक रहेगी। 13 मार्च को भद्रा पूंछ शाम 6.57



मिनट से रात 8.14 तक रहेगी। इसके बाद भद्रा मुख का समय शुरू हो जाएगा जो रात 10.22 मिनट तक रहेगा। इसके बाद ही होलिका दहन करना शुभ होगा।

हालांकि भद्रा 10 बजकर 22 मिनट को समाप्त हो जाएगी, लेकिन दहन के लिए 13 मार्च को रात 11 बजकर 26 से देर रात 12 बजकर 30 मिनट का समय उत्तम माना जा रहा है। इस तरह से होलिका दहन के लिए 64 मिनट का समय भक्तों को मिलेगा। पुराणों के अनुसार भद्रा सूर्य की पुत्री और शनि देव की बहन है। भद्रा क्रोधी स्वभाव की मानी गई है। इसी वजह से भद्रा के समय किसी भी काम की शुरुआत वर्जित मानी गई है। भद्राकाल में होलिका दहन करना अनिष्ठ का स्वागत करने के समान माना जाता है।

### वर्ष का पहला चंद्रग्रहण

इस वर्ष होली के दिन 14 मार्च को आश कि चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। भारतीय समय अनुसार सुबह 9:27 मिनट पर उपछाया ग्रहण शुरू होगा और 10 बजकर 39 मिनट पर आंशिक और 11 बजकर 56 मिनट पर पूर्ण चंद्रग्रहण समाप्त हो जाएगा। ग्रहण का समय दिन का होने के कारण यह भारत में नजर नहीं आएगा और इसी कारण इसका असर भी भारत पर नहीं होगा। ग्रहण का प्रभाव मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, यूरोप के कई हिस्सों, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका के बड़े हिस्से सहित अन्य जगहों पर पड़ेगा।

### होलाष्टक 7 से

होलाष्टक की अवधि बेहद महत्वपूर्ण होती है। यह अवधि शुभ कार्यों को करने के लिए अशुभ मानी जाती है। होलाष्टक की शुरुआत हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होती है और इसका समापन पूर्णिमा तिथि को होता है। इस बार होलाष्टक 7 मार्च को शुरू होगा और 13 मार्च को समाप्त होगा। यह समय खासतौर पर पूजा, व्रत और विशेष उपायों के लिए अत्यधिक शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान विशेष उपाय करने से जीवन में सुख, समृद्धि और उन्नति प्राप्त होती है।

# राम मंदिर में बदलने वाले हैं दर्शन के नियम, बदला जाएगा एंट्री-एग्जिट मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में विराजे रामलला के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। जब अयोध्या में राम मंदिर बना और प्रभु यहां विराजे उसके बाद लाखों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे। महाकुंभ के भक्त भी अयोध्या की ओर प्रस्थान कर रामलला के दर्शन कर रहे थे।

पिछले एक-दो महीने में यह आंकड़ा तीन से चार लाख भक्तों का था, जो अब दो से ढाई लाख पहुंच गया है। प्रयागराज में चल रहे हैं महाकुंभ की वजह से अयोध्या के राम मंदिर में कुछ दिनों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही थी। कुंभ खत्म होने के साथ भीड़ भी कम हो गई है। इसी को देखते हुए अब प्रवेश और निकासी के मार्ग परिवर्तित किए जाएंगे।

### अब इस मार्ग से होगा आना-जाना

दूर-दूर से आने वाले भक्तों की संख्या में कमी देखने को मिली है जिसके चलते अब एक बार फिर एंट्री और एग्जिट के मार्ग बदलने की तैयारी की जा रही है। अब श्रद्धालुओं को राम जन्मभूमि पथ से मंदिर में भेजा जाएगा और अंगद टीले के पास बने द्वारा से निकासी रखी जाएगी। एंट्री और एग्जिट का मार्ग बदलने के बाद अब रामजन्मभूमि परिसर के गेट नंबर 3 को बंद किया जाएगा।

### जानें कैसे होगा रामलला का दीदार



### भीड़ को देखते परिवर्तित किया गया था मार्ग

आपको बता दें कि फिलहाल गेट नंबर 3 से श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करके बाहर निकलते हैं। पिछले कुछ दिनों से दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही थी। इस भीड़ में श्रद्धालु अच्छे से दर्शन कर सकें और सुरक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से चल सकें। इसके लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने के बाद निकासी मार्ग बदला गया था और गेट नंबर तीन से श्रद्धालुओं को बाहर किया जा रहा था।

### लागू होगी पुरानी व्यवस्था

जानकारी के मुताबिक श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट आ गई है, जिसके चलते एक बार फिर पुरानी दर्शन व्यवस्था लागू की जाएगी। आने वाले दर्शनार्थी राम जन्मभूमि पथ से प्रवेश करेंगे और दर्शन करने के बाद अंगद टीले से बाहर निकल जाएंगे। श्रद्धालुओं की संख्या में आई कमी के चलते निकासी मार्ग बदलने पर विचार किया गया है।

### भक्तों की संख्या हुई कम

शनिवार को राम मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या की बात करें तो 2 लाख से ज्यादा दर्शनार्थी दर्शन के लिए पहुंचे। अगर इसी तरह की संख्या रविवार को भी बनी रही तो सोमवार से निकासी अंगद टीले के पास से शुरू कर दी जाएगी। पहले जब भक्त ज्यादा आ रहे थे तो प्रवेश और निकासी मार्ग में दूरी थी। जिस वजह से पूरे पथ पर दबाव कम पड़ रहा था और दर्शनार्थी आराम से दर्शन कर पा रहे थे। अब महाकुंभ खत्म होने की वजह से भक्तों की संख्या में गिरावट हुई है।

## खबर संक्षेप

### पोप फ्रांसिस की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर: वेटिकन



**रोम**। निमोनिया से पीड़ित पोप फ्रांसिस की स्वास्थ्य स्थिति रविवार को स्थिर है और वह अस्पताल में विश्राम कर रहे हैं। वेटिकन ने रविवार को बताया, "पोप की रात अच्छी गुजरी। पोप अब भी विश्राम कर रहे हैं। वेटिकन ने कहा कि बुखार या सफेद रक्त कोशिकाओं के बढ़ने का कोई लक्षण उनमें नहीं था। चिकित्सकों ने शनिवार को बताया कि फ्रांसिस (88) की हालत स्थिर है, लेकिन गंभीर नहीं है। उन्होंने एक बार फिर स्वास्थ्य में सुधार जारी रहने का संकेत दिया। इससे एक दिन पहले सांस संबंधी परेशानी के कारण उन्हें 'नॉन-इनवेसिव मैकेनिकल वेंटिलेशन' पर रखा गया था। पोप को फेफड़े में संक्रमण के कारण 14 फरवरी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### दो तस्करों से दुर्लभ नस्ल के 405 कछुए बरामद



**मैनपुरी**। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल की कानपुर इकाई, मैनपुरी वन विभाग और गोरखपुर वन्यजीव नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने दो संदिग्ध वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से दुर्लभ नस्ल के 405 कछुए बरामद किए हैं। टीम ने शनिवार रात उसराहार-किशनी रोड पर एक कार को रोका और उसकी तलाशी ली और दुर्लभ नस्ल के 405 कछुओं सहित दो तस्करों-अमित यादव और कुलदीप चतुर्वेदी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके दो साथी-संतोष और रूप सिंह भागने में कामयाब रहे। तस्करों ने खुलासा किया है कि उन्होंने पहले भी इन कछुओं को पकड़कर आठ से 10 हजार रुपये में बेचा था।

### मुख्यमंत्री धामी ने जोशीमठ पहुंचकर बचाए गए मजदूरों से की मुलाकात

# चमोली में 60 घंटे जूझकर बचाए गए 46 मजदूर, 8 की मौत, रेस्क्यू समाप्त

एजेंसी ▶▶| चमौली

उत्तराखंड के चमोली में 28 फरवरी की सुबह हुए हिमस्खलन में 8 लोगों की मौत हो गई है। बचावकर्मियों ने लगातार 60 घंटे तक चलाए बचाव अभियान में 46 मजदूरों को बचा लिया है। आज 4 मजदूरों के शव बचावकर्मियों को मिले हैं। इसके बाद भारतीय सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों ने करीब 60 घंटे चले बचाव अभियान को खत्म कर दिया है। इस बीच बचाए गए मजदूरों ने घटना की भयावहता को बताया है।

बता दें कि चमोली में ये सभी मजदूर चमोली-बद्रीनाथ हाईवे के मरम्मत कार्य में लगे हुए थे। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 11-11, हिमाचल प्रदेश के 7 और जम्मू-कश्मीर और पंजाब का एक-एक मजदूर शामिल हैं। हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों में 2 उत्तराखंड, 2 हिमाचल प्रदेश और 4 उत्तर प्रदेश के हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ पहुंचकर बचाए गए मजदूरों से मुलाकात की।



### ठंड से सुन्न हो गए थे हाथ-पैर: मजदूर

बचाए गए मजदूरों में से एक 40 वर्षीय मनोज भंडारी ने कहा, कंटेनर ढलान से सैकड़ों मीटर दूर लुढ़क गया। उसके टुकड़े-टुकड़े हो गए। मैं और मेरे 2 साथी बर्फीली ढलान पर गिर गए। हमारे फोन, बैग और दूसरा सामान कंटेनर के साथ बह गया। बर्फ पर नंगे पांव चलते हुए सेना के अतिथि कक्ष पहुंचे। हमारे पैर ठंड से सुन्न हो गए थे और शरीर अकड़ गया था।"



### ऐसा लगा जैसे दूसरा जन्म हुआ है : विपिन

हिमाचल प्रदेश के विपिन कुमार भी फिलहाल सेना के ज्योतिर्मठ अस्पताल में भर्ती हैं। वे करीब 15 मिनट तक बर्फ में दबे रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने तेज आवाज सुनी। इससे पहले कि मैं कुछ कर पाता, सब दूर अंधेरा हो गया। मुझे लगा सबकुछ खत्म हो गया है। मैं बर्फ से तभी बाहर निकल पाया, जब हिमस्खलन रुक गया। ऐसा लगा जैसे मेरा दूसरा जन्म हुआ हो।

### बचे हुए 4 मजदूरों की तलाश में जुटे थे 200 बचावकर्मी

चमौली हादसे में 46 मजदूरों को बचाने के बाद लापता 4 मजदूरों की तलाश में 200 बचावकर्मी रविवार की सुबह से बचाव अभियान जारी रखे हुए थे। ड्रोन, रडार सिस्टम, स्निफर डॉग और थर्मल इमेज कैमरा से टीमें मजदूरों की तलाश में जुटी थी। सेना के 6 हेलीकॉप्टर भी लगे हुए थे। बचाव अभियान के 4 घंटे बाद उन मजदूरों के शव मिल गए जिसके बाद रेस्क्यू अभियान बंद कर दिया गया।

**वैज्ञानिकों की चिंता**

### हिमस्खलन के डर से जहां नहीं बजता है शंख, वहां चल रहे हथौड़े

*बदरीनाथ धाम में नीलकंठ पर्वत, नर-नारायण, कंचन गंगा, सतोपंथ, माणा और कुबेर पर्वत स्थित हैं। इसके अलावा कई अन्य चोटियां भी हैं जो बर्फ से ढकी रहती हैं। बदरीनाथ धाम भगवान विष्णु को समर्पित है। सर्वविदित है कि विष्णु भगवान को शंख प्रिय है, लेकिन बदरीनाथ मंदिर में शंख ध्वनि वर्जित है। इसके धार्मिक के साथ ही वैज्ञानिक कारण भी हैं। कहा जाता है कि शंख ध्वनि के कंपन से हिमस्खलन न हो जाए, इसके लिए मंदिर में शंख नहीं बजाया जाता है लेकिन मौजूदा समय में बदरीनाथ मास्टर प्लान के साथ ही सड़कों के निर्माण में हथौड़े से लेकर जेसीबी तक गरज रही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि माणा घाटी बेहद संवेदनशील है। यहां मानवीय गतिविधियां कम से कम हों, जिससे ग्लेशियरों पर इसका बुरा असर न पड़े।*

*'कंटेनर हवा में उड़ रहे थे साहब' : जोशीमठ आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती मुन्ना प्रसाद ने बताया, 'ऐसा मंजर मैंने पहले कभी नहीं देखा सर। कंटेनर हवा में उठ रहे थे साहब। 6-7 कंटेनर हवा में उड़ गए। कंटेनर के साथ कुछ लोग उड़ गए थे और कुछ लोग कंटेनर से बाहर निकल गए। जो लोग कंटेनर से बाहर उड़ कर गिरे, वो ऐसे ही खुले में पड़े थे। हम किसी तरह 23 लोग बीआरओ कैंप पहुंचे। आर्मी ने हमारा काफी सहयोग किया, उनकी मदद से ही आज हम बच पाए हैं।*

**राज्यपाल की अपील व चेतावनी ला रही रंग**

# मणिपुर के लोगों ने जमा कराए लूटे हुए 42 हथियार

एजेंसी ▶▶| इंफाल



मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील रंग ला रही है। लोग लगातार लूटे हुए हथियार और कारतूस जमा कराने के लिए आगे आ रहे हैं। शनिवार को इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, चूराचांदपुर, बिष्णुपुर और तामेंगलोंग के लोगों ने 42 हथियार और कारतूस जमा कराए। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर में दो पिस्टल, छह ग्रेनेड, 75 से अधिक कारतूस समेत पांच हथियार जमा करवाए गए। बताया जाता है कि अब तक 300 हथियार जमा कराए जा चुके हैं। कांगपोकपी में सुरक्षा बलों ने दो अवैध बंकरों को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा वाकन पहाड़ी पर तीन अन्य अवैध बंकरों को ध्वस्त किया गया।

### राज्य में लगा है राष्ट्रपति शासन

मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था और विधानसभा को निलंबित कर दिया गया था। इससे कुछ दिन पहले ही एन बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इससे राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई थी। मणिपुर में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे सिंह ने करीब 21 महीने तक चली जातीय हिंसा के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस हिंसा में अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

### राज्यपाल बोले- 6 मार्च के बाद होगी सख्त कार्रवाई

राज्यपाल ने 20 फरवरी को मैतेई और कुकी समुदाय से सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियार तथा अवैध हथियार सात दिनों के भीतर स्वेच्छा से सौंपने की अपील की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि ऐसा करने पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। राज्यपाल ने लूटे गए और अवैध हथियारों को पुलिस को सौंपने की समयसीमा बढ़ाकर छह मार्च शाम चार बजे तक कर दी है। उन्होंनें कहा कि इसके बाद जिनके पास हथियार मिलेंगे उन पर कार्रवाई होगी।

■ ममता के आरोपों पर चुनाव आयोग का बयान

# वोटर आईडी में एक समान नंबर फर्जी मतदाता होने का संकेत नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीतें दिनों एक जैसे वोटर आईडी नंबर दिए जाने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने इसके सहारे चुनाव आयोग पर भाजपा के लिए फर्जी वोटर तैयार करने का आरोप लगाया था. अब इस मामले में चुनाव आयोग का जवाब आया है। ममता के आरोप पर आयोग ने कहा एक जैसे वोटर आईडी नंबर का यह मतलब नहीं है कि मतदाता फर्जी है। दो अलग-अलग राज्यों में




मतदाताओं को एक जैसे ही मतदाता पहचान पत्र संख्या जारी होने की खबरों के बीच चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि एक जैसी संख्या होने का मतलब ये नहीं है कि मतदाता फर्जी हों।

### चुनाव आयोग ने कही ये बात

चुनाव आयोग ने कहा, ''ईपीआईसी' नंबर चाहे जो भी हो, कोई भी मतदाता अपने राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां उसका मतदाता सूची में नाम दर्ज है, और कहीं और नहीं।' आयोग ने कहा कि ईपीआईसी नंबर चाहे जो भी हो, लेकिन कोई भी मतदाता सिर्फ अपने राज्य में, जहां वह बतौर मतदाता पंजीकृत है, वहीं पर अपनी विधानसभा में, अधिकृत पोलिंग स्टेशन पर ही मतदान कर सकता है।

# ब्राजील की स्मगलर कोकीन के 100 कैप्सूल निगलकर भारत पहुंची

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को एक ब्राजीलियाई महिला को देश में कोकीन की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई महिला की अवैध गतिविधियों के संबंध में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर राजस्व खुफिया निदेशालय ने की है। पूछताछ में महिला ने कोकीन की तस्करी के लिए उससे भरे 100 कैप्सूल निगलने की बात स्वीकार की है। उससे आगे की पूछताछ जारी है।



**मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार**

*महिला के पेट से निकली 1 किलो 96 ग्राम कोकीन*

*महिला के कबूलनामे के बाद उसे पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की निगरानी में उसके शरीर से 1,096 ग्राम कोकीन से भरे कुल 100 कैप्सूल निकाले गए। जब्त कोकीन की कीमत अवैध बाजार में लगभग 10.96 करोड़ रुपये आंकी गई है। बता दें कि यह मादक पदार्थों की तस्करी का बेहद ही खतरनाक तरीका है। अगर, किसी कारण से कैप्सूल पेट में फट जाए तो उससे व्यक्ति की मौत भी हो सकती है।*

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

# चार मजदूरों को बचाने जद्दोजहद, मंत्री बोले- बचने की उम्मीद काफी कम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ तेलंगाना सुरंग हादसा

तेलंगाना के नागरकुरनूल में श्रीसैलम लेफ्ट बैंक कैनाल की सुरंग धंसने से 8 मजदूर फंस गए हैं। इन्हें बचाने के लिए बीते एक हफ्ते से बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अब जाकर बचावकर्मियों को मामूली सफलता मिली है। सुरंग में फंसे 8 में से 4 लोगों का पता लगा लिया गया है। राज्य के आबकारी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने ये जानकारी दी है।

### कीचड़ व पानी निकालने का काम जारी

मंत्री राव ने उम्मीद जताई कि जिन मजदूरों का पता लगा लिया गया है, उन्हें आज शाम तक बाहर निकाल लिया जाएगा। उन्होंने कहा, जहां 4 लोगों की पहचान की गई है, वहां से हाथ से गाद निकालने का काम किया जा रहा है, जिसके आज शाम तक पूरा होने की उम्मीद है। ऐसा लगता है कि बाकी 4 लोग टनल बोरिंग मशीन के नीचे फंसे हुए हैं, जिनके बारे में पता लगाने में समय लग सकता है।

### अभियान रहा सफल कई मजदूर बचाए गए

मंत्री कृष्ण राव ने कहा, पिछले कुछ दिनों में अभियान में काफी प्रगति हुई है। मेरे विचार से रडार के जरिए 4 लोगों की लोकेशन का पता लगा लिया गया है। हालांकि, जब इन 4 लोगों की स्थिति के बारे में मंत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं उनके जीवित रहने के बारे में बात नहीं कर रहा हूं, क्योंकि उनके जिंदा रहने की संभावना मात्र एक प्रतिशत ही है।

### 11 एजेंसियों के लोग बचाव अभियान में जुटे

मंत्री राव ने कहा, 450 फुट ऊंची बोरिंग मशीन को काटा जा रहा है। इस अभियान में करीब 11 एजेंसियों के कर्मी शामिल हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, एवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

रायपुर
सोमवार, 3 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 226
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 36.1
न्यूून. 22.0

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# वक्त की कसौटी पर खरे उतरे साय, चुनाव दर चुनाव बढ़ गए वोट, नगरीय निकाय में मिले 56 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


हरिभूमि खास



विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद राष्ट्रीय संगठन ने एक प्रयोग किया था। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में नए चेहरों को बतौर मुख्यमंत्री पेश किया। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विष्णुदेव साय पर दांव लगाया था। वे मुख्यमंत्री बने। उसके बाद लोकसभा चुनाव हुए और अब नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव समाप्त हुए हैं। लोकसभा चुनाव में ग्यारह में से दस सीटें जीतीं और अब दस में से दस नगर निगमों पर भाजपा के महापौर बन गए हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ रहा है। विधानसभा चुनाव के मुकाबले भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में 13.73 फीसदी वोट ज्यादा मिले हैं। वहीं पंचायतों में भी बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक जीते हैं।

चुनाव के नतीजों के बाद दिलचस्प आंकड़े आए हैं जो यह साबित कर रहे हैं कि वक्त की कसौटी पर विष्णुदेव साय ▶▶|शेष पेज 4 पर

- भाजपा के सभी निगमों में बने महापौर, 35 नगर पालिकाओं और 81 नगर पंचायतों में अध्यक्ष जीते
- विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले थे 46.27 फीसदी, लोकसभा में 52.65 प्रतिशत वोट



विधानसभा में मतदान प्रतिशत।

### भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत

नगरीय निकाय चुनाव में इस बार भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। तीनों निकायों के कुल 3200 में से 1868 पार्षद भाजपा के जीते हैं। 952 कांग्रेस और 380 निर्दलीय जीते हैं। इनमें से नगर निगमों में 542 में से 381 पार्षद भाजपा और 118 कांग्रेस, 43 निर्दलीय जीते हैं। इसी तरह से नगर पालिकाओं में 959 में से 549 भाजपा, 300 कांग्रेस और 110 निर्दलीय जीते हैं। नगर पंचायतों में 1709 में से भाजपा ने 948, कांग्रेस ने 534 और निर्दलीय 227 जीते हैं। महापौर और अध्यक्ष के 173 पदों में से भाजपा ने 126 जीते हैं।

### विधानसभा चुनाव के मुकाबले बढ़े भाजपा के 13.73 फीसदी वोट

विधानसभा चुनाव में भाजपा को 46.27 प्रतिशत वोट मिले थे वहीं कांग्रेस का वोट प्रतिशत 42.23 फीसदी था। विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद लोकसभा चुनाव हुए। भारतीय जनता पार्टी ने 52.65 प्रतिशत वोट हासिल किए। वहीं कांग्रेस के वोट विधानसभा से भी कम होकर 41.06 प्रतिशत रह गए। वहीं नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को 56 फीसदी वोट मिले हैं जो विधानसभा से 13.73 फीसदी ज्यादा हैं।



लोकसभा में मतदान प्रतिशत।

### किसका कितना वोट शेयर

महापौर और अध्यक्षों के चुनाव में भाजपा का सबसे ज्यादा 56.04 प्रतिशत वोट शेयर रहा। कांग्रेस का वोट शेयर 31.25 फीसदी रहा। निर्दलियों का वोट शेयर 7.73 फीसदी रहा। बसपा को महज 1.1 फीसदी ही वोट मिले। इससे ज्यादा नोटा का वोट शेयर 1.96 फीसदी रहा। आप पार्टी का वोट शेयर 0.99 प्रतिशत रहा। पार्षदों के चुनाव में भाजपा का वोट शेयर सबसे ज्यादा 46.62 फीसदी और कांग्रेस का 32.58 फीसदी रहा। निर्दलियों का वोट शेयर 16.25 फीसदी रहा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### उरुग्वे के नए राष्ट्रपति यामंडु ने पदभार संभाला

**मोंटेवीडियो।** दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे के नए राष्ट्रपति यामंडु ओर्सी ने पदभार संभाल लिया।



वामपंथी नेता, पूर्व मेयर और इतिहास के शिक्षक रहे ओर्सी (57) की सरकार ने वर्षों से चली आ रही आर्थिक स्थिरता को खत्म करके सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है।

### शादी समारोह में करंट दो मजदूरों की मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के बरदह क्षेत्र में 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आने से बारात में बग्घी के साथ चल रहे दो मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दूल्हा बेहोश हो गया। मृतकों की पहचान गोलू (17) और मंगरु (25) के रूप में हुई है। इस घटना से बारात में भगदड़ मच गई।



### हाईकोर्ट के जज की कार पुलिस वाहन से टकराई

**देवरिया।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजीव कुमार सिंह को ले जा रही कार देवरिया में पुलिस 'एस्कॉर्ट' वाहन से टकरा गयी। गनीमत रही कि इसमें कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। कोतवाली थाना क्षेत्र में सिविल लाइंस रोड पर सुभाष चौक पर न्यायाधीश की कार अपने आगे चल रहे पुलिस 'एस्कॉर्ट' वाहन से टकरा गई।



### ड्रग्स तस्करी, दो भारतीयों और एक नेपाली गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में दो भारतीयों समेत तीन लोगों को नेपालगंज से गिरफ्तार किया। भारत के कोलकाता निवासी जियाउल हक शेष (38) और किशोर (18), नेपालगंज निवासी नफीस मोहम्मद कबाडिया (24) को गिरफ्तार किया।



### 73 लाख की ठगी, एक आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 73 लाख रुपये की ठगी के मामले में वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मोहित को हरियाणा के जींद स्थित उचाना मंडी से गिरफ्तार किया गया। आरोप लगाया गया कि मोहित ने भूखंड बेचने का वादा कर उसके साथ ठगी की और 73 लाख रुपये ले लिए।



युद्ध विराम का नया खाका तैयार, अमेरिका के सामने ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन रखेंगे प्रस्ताव

# अमेरिका से नहीं बनी बात, अब ब्रिटेन और फ्रांस रोकेंगे रूस-यूक्रेन युद्ध!

एजेंसी ▶▶| लंदन

*यूक्रेन युद्ध विराम के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रेसिडेंट जेलेंस्की में बहस होने के बाद अब इसमें नया मोड़ आ गया है। ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन मिलकर युद्ध विराम का नया खाका तैयार करने पर सहमत हुए हैं। प्रस्ताव बनाने के बाद इसे अमेरिका के सामने पेश करेंगे। रविवार को यूक्रेन पर चर्चा करने के लिए यूरोपीय देशों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया।*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के प्रेसिडेंट व्लादिमिर जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को ह्वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में जोरदार बहस के बाद यूक्रेन युद्ध विराम का खाका तैयार किया जाने लगा है। इस वक्त जेलेंस्की ब्रिटेन में हैं और उन्हें ब्रिटेन, फ्रांस समेत पूरे यूरोप का समर्थन मिल रहा है। ब्रिटेन ने आखिरी दम तक यूक्रेन के साथ खड़ा होने का वादा किया है। इससे जेलेंस्की का हौसला बढ़ा है। अब यूक्रेन युद्ध विराम योजना को लेकर ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन नया खाका तैयार कर रहे हैं। युद्ध विराम योजना पर काम करने को लेकर तीनों देशों के बीच सहमति बन गई है। प्रस्ताव तैयार होने के बाद इसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि यह योजना चार देशों के नेताओं के बीच बातचीत के बाद सामने आई है। बता दें कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत हो गए हैं, जिसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने यह जानकारी दी। स्टॉर्मर ने कहा कि यह योजना चार देशों के नेताओं के बीच बातचीत के बाद सामने आई है।

**खास बातें**

- यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ब्रिटेन में, कई देशों का मिल रहा समर्थन
- यूरोपीय देशों के शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध पर मंथन



### यूक्रेन युद्ध विराम प्रस्ताव में बड़ी शर्त

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपना यह दावा दोहराया कि इसे कायम रखने के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता होगी। ये इसकी बड़ी शर्त है। स्टॉर्मर यूक्रेन पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।

### शिखर सम्मेलन में छाई ओवल ऑफिस की घटना

यह यूक्रेन में शांति की संभावना को आगे बढ़ाने वाले एक सप्ताह तक चले कूटनीति प्रयासों का दौर था। लेकिन, रविवार को यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में 'ओवल ऑफिस' की घटना छाई रही। जब ट्रंप और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 'ओवल ऑफिस' में जेलेंस्की पर अमेरिकी समर्थन के प्रति पर्याप्त रूप से आभारी न होने का आरोप लगाया था।

### अमेरिका यूक्रेन से खींचता है हाथ तो होगा ये विकल्प

शिखर सम्मेलन में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि अगर अमेरिका यूक्रेन से समर्थन वापस ले लेता है तो यूरोपीय देश यूक्रेन और खुद की रक्षा कैसे कर सकते हैं। स्टॉर्मर ने युद्धग्रस्त देश के नेता से कहा, और जैसा कि आपने बाहर सड़क पर नारो के जरिए सुना, आपको पूरे ब्रिटेन में समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, हम आपके साथ, यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें (युद्ध में) कितना भी समय लगे।

### नाटो समेत ये देश ले रहे सम्मेलन में भाग

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा, हमारे पास यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आने का अवसर है, जो उनकी संप्रभुता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। अब समय आ गया है कि हम यूक्रेन के लिए सर्वोत्तम परिणाम की गारंटी देने, यूरोपीय सुरक्षा की रक्षा करने तथा हमारे सामूहिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एकजुट हों। इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य और रोमानिया के नेता भी शामिल होंगे। तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव तथा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष भी भाग ले रहे हैं।

### यूक्रेन को ब्रिटेन ने दी ताकत

इससे पहले, वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 'ओवल ऑफिस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद ब्रिटेन आए यूक्रेन के राष्ट्रपति को ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गले लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें देश का अटूट समर्थन प्राप्त है। जेलेंस्की शनिवार को जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' पहुंचे तो वहां बाहर एकत्र लोग उनके समर्थन के नारे लगा रहे थे। स्टॉर्मर ने यूक्रेनी राष्ट्रपति को गले लगाया और वह उन्हें अंदर ले गए। दोनों नेताओं की मुलाकात लंदन में यूरोपीय नेताओं की बैठक की पूर्व संध्या पर हुई।

एसआईटी करेगी जांच

# कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी का शव सूटकेस में मिला



एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की हत्या के मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। हिमानी का शव शनिवार को रोहतक जिले में एक बस स्टैंड के पास सूटकेस में मिला था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष जांच दल का गठन किया गया है। रोहतक पुलिस की चार टीम घटना में शामिल अपराधियों की तलाश कर रही हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हिमानी (22) रोहतक के विजय नगर में रहती थीं। सूटकेस को कुछ राहगीरों ने देखा, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उन्होंने हिमानी हत्या मामले के संबंध में रोहतक के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से बात की है। उन्होंने कहा कि पुलिस और सरकार को पीड़ित परिवार के लिए शीघ्र न्याय सुनिश्चित करना चाहिए।

### मां बोली- राजनीतिक रंजिश की शिकार

पोस्टमार्टम हाउस पहुंची हिमानी की मां ने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनकी बेटी की हत्या राजनीतिक रंजिश में हुई है। हिमानी का मां का कहना है कि उनकी बेटी साफ-सुथरी राजनीति करना चाहती थी, लेकिन लोग उसे दलदल में फंसाना चाहते थे। वो पिछले तीन दिनों से उनके संपर्क में नहीं थी. हिमानी के भाई ने भी बहन के लिए इंसाफ की मांग की है।

### भाई की हत्या, पिता ने की थी आत्महत्या

बताया जा रहा है कि हिमानी नरवाल के बड़े भाई की करीब 14 साल पहले हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या के चार साल बाद हिमानी के पिता ने आत्महत्या कर लिया था। वो बीएसएफ में काम करते थे। उनकी मौत के बाद हिमानी की मां को उनकी जगह दिल्ली में नौकरी मिल गई। वो अपने छोटे बेटे के साथ बीएसएफ कैंप में रहने लगी, लेकिन अपनी पढाई की वजह से हिमानी रोहतक में ही रुक गई। वो विजय नगर में अपने पुश्तैनी मकान में अकेले रहा करती थी।

# महापौर ने ली शपथ ना गंगाजल छिड़का और ना ही बदली कुर्सी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मौजूदगी में शपथ ली। हालांकि शपथ ग्रहण के समारोह का कांग्रेस ने बहिष्कार किया। इस घटना के बाद नवनिर्वाचित मेयर को भी बैकफुट पर आना पड़ा। भगत ने निगम पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने ना ही किसी प्रकार के गंगाजल का उपयोग नगर निगम में किया गया और ना की कोई कुर्सी बदली गई। बता दें कि नगर ▶▶|शेष पेज 4 पर

- समारोह में शामिल हुए सीएम साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन

### कांग्रेस ने बनाई दूरी, आज अलग से लेंगे शपथ

नगर निगम सरकार के इस शपथ ग्रहण समारोह से कांग्रेस ने दूरी बना ली। नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा दिए गए विवादित बयान के बाद कांग्रेस ने भी भाजपा और मंजूषा भगत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। निगम इतिहास ▶▶|शेष पेज 4 पर

### गंगा जी को विवादित करना सर्वथा अनुचित : सीएम

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे सीएम श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान नगर निगम के शुद्धिकरण को लेकर मंजूषा भगत द्वारा दिए बयान के बाद मचे बवाल को लेकर कहा कि गंगा जल को लेकर विवाद की स्थिति नहीं बननी चाहिए। सभी को मालूम है नए कार्य का शुभारम्भ, नया गृह प्रवेश करते है तो परम्परा के अनुसार पूजा पाठ की जाती है। इष्ट देव की प्रतिमा स्थापित की जाती है। ये हिन्दुओं में है कि शुभ कार्य से पहले गंगाजल से अभिमंत्रित कर वातावरण की शुद्धि करते है इसलिए गंगा जी को विवादित करना सर्वथा अनुचित है। कांग्रेस के 5 साल बजट नहीं देने और भाजपा में अच्छे बजट की उम्मीद पर कहा ▶▶|शेष पेज 4 पर




- तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर प्रधानमंत्री
- महादेव का किया अभिषेक
- गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी पर भी जाएंगे

**अहमदाबाद।** गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौराष्ट्र में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग- सोमनाथ महादेव के दर्शन-पूजन किए। प्रधानमंत्री ने महादेव के शिवलिंग पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक भी किया। सोमनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है और इसे हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के सामने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

संत मुक्ताई यात्रा के दौरान की घटना

# बेटी से छेड़छाड़, केस कराने खुद थाने पहुंचीं केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे ने रविवार को अपनी बेटी और उसके दोस्तों के साथ छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार की घटना को लेकर महाराष्ट्र के मुक्ताईनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी और उसकी सहेलियों का कुछ लड़कों ने पीछा किया, उन्हें धक्का दिया और तस्वीरें और वीडियो भी बनाए। आपत्ति जताने पर सुरक्षाकर्मियों से मारपीट भी की।



### आरोपी राजनीतिक दल से जुड़े

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रायगढ़ में पत्रकारों से कहा, जिन लोगों ने खडसे की बेटी के साथ दुर्व्यवहार किया, वे एक राजनीतिक दल से जुड़े हुए हैं। स्थानीय पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने नियमों में किया बदलाव

# बिना बर्थ सर्टिफिकेट नहीं बनेगा पासपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पासपोर्ट केवल एक यात्रा दस्तावेज नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति की पहचान और राष्ट्रीयता का प्रमाण भी होता है। ये विदेश यात्रा, शिक्षा, व्यवसाय और अन्य उद्देश्यों के लिए आवश्यक होता है। भारत सरकार समय-समय पर पासपोर्ट नियमों में बदलाव करती रहती है ताकि आवेदन प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाया जा सके। हाल ही में सरकार ने पासपोर्ट नियमों में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। नए नियमों के तहत ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ये दस्तावेज मान्य

- जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार का जन्म प्रमाण पत्र
- नगर निगम से जन्म प्रमाण पत्र
- ड्राइविंग लाइसेंस
- स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र




**पासपोर्ट नियमों में बड़ा बदलाव:** भारत सरकार ने पासपोर्ट नियम 1980 में संशोधन करते हुए एक आधिकारिक नोट जारी किया है। नए नियमों के तहत, 1 अक्टूबर 2023 या उसके बाद जन्म लेने वाले व्यक्तियों के लिए जन्म प्रमाणपत्र ही जन्मतिथि का एकमात्र प्रमाण माना जाएगा। ये प्रमाण पत्र केवल उपयुक्त सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी किया जाना चाहिए।

**कितने प्रकार के होते हैं पासपोर्ट**

**ब्लू पासपोर्ट:** सबसे कॉमन पासपोर्ट है, जो आम नागरिकों को जारी किया जाता है। इसका रंग गाढ़ा नीला होता है। आम नागरिकों को व्यक्तिगत जरूरतों के लिए जारी करती है।

**ऑरेंज पासपोर्ट:** उन भारतीय नागरिकों को जारी किया जाता है, जो सिर्फ 10वीं तक ही पढ़े होते हैं। ये पासपोर्ट विदेश में माइग्रेंट लेबरर के तौर पर काम करने के लिए जाते हैं।

**व्हाइट पासपोर्ट:** भारत सरकार, सरकारी कामकाज से विदेश यात्रा करने वाले अपने अधिकारियों को व्हाइट पासपोर्ट जारी करती है।

**रेड कलर:** हाईप्रोफाइल पासपोर्ट सरकारी अफसरों, राजनयिकों और सरकार के प्रतिनिधियों को डिप्लोमेटिक पासपोर्ट जारी किया जाता है। कुल पांच कैटेगरी के लोगों को इशू किया जाता है।

### बिना इजाजत विदेश यात्रा, आईपीएस सस्पेंड

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान बिना पूर्व अनुमति के बार-बार विदेश यात्रा करने के आरोप में रविवार को भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पी वी सुनील कुमार को निलंबित कर दिया। एक सरकारी आदेश में मुख्य सचिव के विजयानंद ने कहा कि नियुक्ति के लिए प्रतीक्षारत डीजीपी रैंक के अधिकारी कुमार ने विदेश यात्राओं के दौरान सरकार द्वारा अनुमोदित यात्रा योजना का उल्लंघन किया था। मुख्य सचिव ने कहा, तत्काल प्रभाव से निलंबित करती है।



## चिंतन

# युद्ध समाप्ति की दिशा में बढ़ें यूक्रेन व रूस

करीब तीन वर्ष से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने की दिशा में कोई भी पहल स्वागत योग्य है। लेकिन हाल में अमेरिका व रूस के बीच बातचीत, जेलेंस्की का रूस व यूएस वार्ता को लेकर मुखर रूप, यूरोप की यूक्रेन के साथ तालबंदी, ट्रंप व जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और ब्रिटेन, फ्रांस व यूक्रेन की युद्ध विराम योजना पर सहमति आदि घटनाएं इतनी तेजी में घटी हैं, जिसमें कूटनीति फीकी पड़ी है और मदद के बदले 'डील' फ्रंट सीट पर आई है। इसमें सकारात्मक बात है कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत हो गए हैं, जिसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 'ओवल ऑफिस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद यह योजना सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं, लेकिन इसे कायम रखने के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता होगी। यूक्रेन यही मांग रहा है, इसके लिए वह अमेरिका के साथ 'अपमानजनक' खनिज दोहन समझौता के लिए भी तैयार हो गया था। अमेरिका शांति सुरक्षा के नाम पर कोई गारंटी नहीं देना चाहता है। यह सर्वविदित है कि अमेरिका व अधिकांश यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद की है, ये मददगार देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस के अंत की तारीख लिखना चाह रहे थे। यूक्रेन भी बिना मदद युद्ध को इतने लंबे समय तक जारी नहीं रख सकता था। लेकिन तीन साल के बाद अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हुआ और ट्रंप राष्ट्रपति बने, तब अमेरिकी प्रशासन की राय बनी कि यूक्रेन को युद्ध के लिए मदद करना पैसे की बर्बादी है, इसलिए इस मदद को रोका जाय। इसी के साथ यूक्रेन से उसको की गई करीब 350 अरब डॉलर की मदद के बदले दुर्लभ खनिज उत्खनन पर अधिकार हासिल किया जाए। अमेरिका के मुंह फेरने के बाद यूक्रेन के लिए विकट स्थिति बन गई है। यूरोप यूक्रेन के साथ हैं, लेकिन धन व अस्त्र-शस्त्र की आपूर्ति जारी रखने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन के लिए युद्ध जारी रखना संभव नहीं है। युद्ध समाप्ति की दिशा में प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस से वार्ता की, इसको लेकर यूक्रेन नाराज हुआ कि बिना उसकी भागीदारी के वार्ता के नतीजे वो स्वीकार नहीं करेगा। यह स्वाभाविक भी है कि युद्ध के दोनों पक्षकार का वार्ता में होना जरूरी है। अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। अमेरिका रूस को मना रहा है कि युद्ध खत्म करने के लिए वह तैयार हो, लेकिन यूरोप व यूक्रेन अमेरिका की इस पहल पर सहज नहीं हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति अमेरिका आए और मदद जारी रखने के बदले खनिज पर अधिकार को लेकर ट्रंप प्रशासन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे। तभी ट्रंप व जेलेंस्की में तीखी बहस हुई, उन्हें ओवल ऑफिस छोड़ने के लिए कहा गया। इन सबमें ट्रंप का रवैया कूटनीतिज्ञ जैसा नहीं रहा, वे यूक्रेनी संप्रभुता व अपने आतिथ्य का सम्मान नहीं कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द से जल्द इस युद्ध को समाप्त कर अपना चुनावी वादा पूरा करना चाहते हैं। लेकिन जैसी जल्दबाजी और तरीका ट्रंप प्रशासन अपना रहा है, वह यूक्रेन को नहीं पच रहा है। यूरोप, अमेरिका, यूक्रेन व रूस के बीच फ्रंट व बैकडोर डिप्लोमेसी से बात करके ही युद्ध समाप्ति का फार्मूला निकल सकता है। यह यूक्रेन व रूस को तय करना है कि वह शांति चाहते हैं या युद्ध? यूक्रेन के लिए राह अधिक कठिन है।



कूटनीति
राजेश जैन

# ट्रम्प के रवैये से 'भरोसे' को झटका

अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना, इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन या तो अपनी आधी खनिज संपदा उसे देने का सौदा करे या अपनी जमीन का करीब पांचवां भाग छोड़ दे, वहीं 'नाटो' का सदस्य बनने या किसी दूसरी तरह की सुरक्षा गारंटी हासिल करने की बात तो भूल ही जाए। फरवरी के अंतिम दिन अमेरिका दौरे के दौरान इससे इनकार पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से निकाल दिया गया। ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की बातचीत की हालत में नहीं है। जेलेंस्की ने फिर से ट्रम्प के साथ बातचीत करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया।

ट्रंप ने इससे पहले कनाडा को अमेरिका का 51वां सूबा बनाने की बात कही थी। ग्रीनलैंड को खरीदने और गाजा को फलस्तीनियों से खाली करवाने की बात भी वे कह चुके हैं। यूरोप को वे यह कहकर रोने पर मजबूर कर रहे हैं कि उन्हें बे-लगाम पुतिन का सामना अपने ही बूते करना पड़ेगा। अब सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प इन धमकियों पर अमल करेंगे या नहीं। मुद्दे की बात यह है कि कोई भी संप्रभुता-संपन्न देश ऐसी धमकियों को महज लफ्फाजी मानकर खारिज नहीं कर सकता। यहां भरोसा तोड़ा गया है। अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो।

हो सकता है ट्रम्प ग्रीनलैंड ले जाएं, शी जिनपिंग ताइवान ले उड़ें और पुतिन बाल्टिक्स का कुछ हिस्सा दबोच लें। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना, इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

यह स्थिति उस कहावत को चरितार्थ करती है- 'जिसके पास लाठी, उसकी भैंस।' अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर नजर रखने वाले जानते हैं कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन थे, तब यूक्रेन को अमेरिका और यूरोपीय देशों की ओर से दी जा रही मदद लोकतंत्र को बचाने की जंग थी। उन्हें अहसास था कि अगर पुतिन की मनमानी को नहीं रोका तो वह विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ते रहेंगे। आपको बता दें कि पुतिन के बारे में माना जाता रहा है कि वे सोवियत संघ के दौर के साम्राज्यवाद को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। पोलैंड, स्लोवाकिया, लातविया, एस्टोनिया और मोल्दोवा पुतिन के निशाने पर हैं। उन्होंने 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया छीना था। 2022 के बाद युद्ध में भी पुतिन यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा करने में कामयाब रहे हैं। यूक्रेन के सहयोगी यूरोपीय देश चाहते हैं कि युद्ध पुतिन की शर्तों पर खत्म नहीं करना चाहिए।

युद्ध खत्म करवाने की एवज में रूसी राष्ट्रपति से भी रियायतें हासिल करनी चाहिए। ट्रम्प से मिलने के बाद जेलेंस्की ने भी कहा कि यूक्रेन तब तक रूस के साथ पीस डील में शामिल नहीं होगा जब तक कि उसे सुरक्षा की पूरी गारंटी नहीं मिल जाती। अमेरिकी राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में जिस प्रकार 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत मनमानी और शक्ति प्रदर्शन को प्राथमिकता दी गई, उसने वैश्विक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। उनकी विदेश नीति, व्यापार समझौतों से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक, एक ही संदेश देती है- 'जिसके पास शक्ति है, वही नियम तय करेगा।' यह दृष्टिकोण न केवल अमेरिका की वैश्विक छवि को बदल रहा है, बल्कि अन्य महाशक्तियों को भी इसी राह पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिससे दुनिया में अराजकता की आशंका बढ़ रही है।

हो सकता है चीन ताइवान को अपने में मिलाने के लिए जंग छेड़ दे। हाल ही में शी चिनफिंग ने कहा भी है कि ताइवान मसले को वह आने वाली पीढ़ियों की खातिर नहीं छोड़ना चाहते यानी वह अपने कार्यकाल में उसका विलय चीन में करना चाहते हैं। आपको बता दें कि 1994 में यूक्रेन ने रूस, यूरोप और अमेरिका से सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद परमाणु हथियारों के अपने भंडार को त्याग दिया था। आज यूक्रेन के हालत देखकर अब कौन ऐसे शांति प्रस्तावों पर भरोसा करने का साहस करेगा। ट्रम्प साफ़ कह रहे हैं कि किसी की भी सुरक्षा अमेरिका का सिरदर्द नहीं है। ऐसे में क्या होगा जब ट्रम्प जापान से कहेंगे कि मुझे ओकिनावा दे दो या ऑस्ट्रेलिया से कहें कि अमेरिका से सुरक्षा गारंटी की कीमत के रूप में अपने खनिज संसाधन का पांचवां हिस्सा हमें दे दो। ऐसी ही आशंकाओं को देखते हुए यूरोप के अलावा जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका के सभी मित्र देश उससे मिल रही सुरक्षा गारंटियों की समीक्षा कर सकते हैं। ट्रम्प ने परमाणु अप्रसार के विचार की हत्या कर दी है। परमाणु हथियार फिर से युद्ध-प्रतिरोधक बन गए हैं। आज उत्तरी कोरिया के किम जोंग उन यूक्रेन और यूरोप की हालत पर हंस रहे होंगे और सोच रहे होंगे कि अगर उन्होंने अमेरिकी अतिक्रमण के जवाब में दक्षिण कोरिया या जापान पर परमाणु हमला करने की चेतावनी न दी होती तो क्या अमेरिका उन्हें सलामत रहने देता? ईरान इस सब पर नजर रखे हुए है। अगर पाकिस्तान उन्हें बना सकता है तो कोई भी बना सकता है।

मध्य-पूर्व में ईरान, सऊदी अरब और क्या पता दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, अजरबैजान और मिस्र भी आज के हालत में इनके बारे में सोच रहे हों। कभी परमाणु अप्रसार की पक्षधर अमेरिकी लॉबी भारत पर दबाव बना रही थी कि वह परमाणु हथियार न बनाए। अमेरिका से कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए, यह समझाने के लिए कि हम व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर दस्तखत कर दें। दबाव का यह सिलसिला नेहरू से लेकर तब तक चला, जब तक कि इंदिरा गांधी ने 1974 में परमाणु परीक्षण और इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण-2 करके इसे खत्म नहीं कर दिया। हमारे देश में भी शांतिवादियों ने वैचारिक या नैतिक आधार पर परमाणु बम बनाने पर विरोध किया था। तब हमारे नेता अडिग रहे। शायद इसके पीछे उनकी यह दूरदर्शिता थी कि एक दिन ऐसा आएगा जब सुरक्षा की कोई गारंटी काम नहीं आएगी। यदि वैश्विक राजनीति में शक्ति और स्वार्थ को ही नीति बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती रही, तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अस्थिरता और अराजकता का खतरा और बढ़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं पहले से ही कमजोर पड़ रही हैं और यदि बड़े देश अपनी मनमानी पर उतर आए, तो छोटे और विकासशील देशों के लिए संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके अलावा, यदि महाशक्तियां अपने आर्थिक और सैन्य बल के आधार पर नीतियां लागू करेंगी, तो वैश्विक शांति खतरे में पड़ सकती है और नए संघर्षों की संभावना बढ़ सकती है। इस चुनौतीपूर्ण समय में संतुलन और नैतिकता आधारित कूटनीति की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
प्रमोद भार्गव



# परमाणु हथियार नहीं होने से यूक्रेन लाचार

खुद की शक्ति नहीं होने की लाचारी मनुष्य या किसी देश को कहां लाकर खड़ा कर देती है, इसका जीता-जागता उदाहरण यूक्रेन और उसके राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की हैं। यूक्रेन के जब वे राष्ट्रपति बने थे, तब वे हास्य कलाकार थे, उन्हें राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। इसी का परिणाम रहा है कि वे आज दुनिया की दो महाशक्तियों अमेरिका और रूस के बीच असहाय बने हास्यास्पद स्थिति से दो-चार हो रहे हैं। यूक्रेन का स्वाभिमान टूट चुका है। उसे अमेरिका युद्ध समाप्त करने की धमकी के साथ दुर्लभ खनिज संपदा छीन लेने के लिए भी मजबूर कर रहा है। बावजूद उसे सुरक्षा की कोई गारंटी तो दी ही नहीं जा रही, बल्कि रूस और चीन की दया पर जीते रहने की परिस्थितियां निर्मित की जा रही हैं। यह स्थिति किसी भी संप्रभुता वाले देश के लिए परतंत्रता स्वीकार लेने जैसी है। इस स्थिति को यूक्रेन इसलिए विवश है, क्योंकि उसने सोवियत संघ के विघटन के बाद 1994 में परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद उन्हें नष्ट कर देने की बड़ी भूल की थी। आज वह परमाणु निरस्त्रीकरण के दुष्परिणाम झेलने को मजबूर है। जबकि भारत ने परमाणु परीक्षण से जुड़ी इस संधि पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। भारत की ओट लेकर पाकिस्तान ने भी यही रुख अपनाया था। अगस्त-1999 में भारत सरकार ने इस सिद्धांत का एक प्रस्ताव भी जारी किया था। इसमें कहा गया था कि 'परमाणु हथियार केवल निरोध के लिए हैं और भारत केवल प्रतिशोध की नीति अपनाएगा। 'अर्थात भारत कभी स्वयं आगे बढ़कर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। आईसीएएन संगठन अंतरराष्ट्रीय संधि के माध्यम से दुनिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने के प्रयासों में जुटा है। संगठन के प्रयासों पर सहमति जताते हुए 122 देशों ने परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने की संधि भी कर ली है। संयुक्त राष्ट्र संघ की जब 1945 में स्थापना हुई थी, तब उसका मुख्य उद्देश्य विश्व फलक पर परमाणु निरस्त्रीकरण ही था, लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इस वैश्विक संस्था के अस्तित्व में आने के बाद से ही परमाणु हथियार रखने वाले देशों की संख्या तो बढ़ ही रही है, परमाणु और हाइड्रोजन बमों की संख्या भी बढ़ रही है। जो देश परमाणु संपन्न हैं, वे अब तक परमाणु व अप्रसार संधि (एनपीटी) पर दस्तखत करने को तैयार नहीं हुए हैं। इन देशों में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इजराइल और उत्तर-कोरिया शामिल हैं। यदि ये देश इन हथियारों को चिंगारी दिखा दें तो पूरा ब्रह्माण्ड तहस-नहस हो जाएगा। आईसीएएन के प्रयास से 122 देशों ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। इस लिहाज से इस संस्था का परमाणु युद्ध संबंधी खतरा टालने में अहम भूमिका सामने आई है। हालांकि परमाणु संपन्न देशों द्वारा संधि पर दस्तखत नहीं करने के कारण यह संकट यथावत बना हुआ है। इसी परमाणु शक्ति को स्वाहा कर देने के कारण यूक्रेन ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन जैसे निष्ठुर पाटों के बीच पिस रहा है। ट्रंप यूक्रेन पर युद्ध समाप्ति से पहले बड़ा दुर्लभ खनिज संपदा का सौदा करने की तैयारी में है। यह सौदा अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी गई अमेरिकी सैन्य मदद के बदले में किया जा रहा है। जबकि युद्ध थोपते वक्त ऐसी कोई शर्त यूक्रेन के समक्ष अमेरिका ने नहीं रखी थी। जेलेंस्की ने कहा भी है कि अमेरिका उन पर 500 अरब डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर करने का दबाव बना रहा है, लेकिन भविष्य में रूस से सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं दी जा रही है। यदि जेलेंस्की इस सौदे पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद अमेरिका द्वारा नहीं दी जाएगी। हालांकि जेलेंस्की ने यह जरूर भरोसा दिया था कि यदि यूक्रेन में शांति स्थापना होती है तो वे नाटो देशों की सदस्यता मिलने पर राष्ट्रपति पद छोड़ देंगे। इधर इस सौदेबाजी के परिप्रेक्ष्य में पुतिन ने भी अमेरिकी कंपनियों को रूस के साथ व्यापारिक समझौतों के लिए आमंत्रित किया है। पुतिन ने कहा है कि यदि अमेरिकी कंपनियां चाहें तो रूस ने यूक्रेन की जिस भूमि पर कब्जा किया है, उस क्षेत्र में खनिज संपदा का दोहन कर सकती हैं। साथ ही रूस ने साइबेरिया क्षेत्र में भी खनिज संपदा के उत्खनन के लिए भी कहा है। इस क्षेत्र में अत्यंत दुर्लभ खनिजों की उपलब्धता है। एक तरह से रूस ने अमेरिका के साथ मिलकर खनिज व्यापार की जो लकीर खींच दी है, उससे यूक्रेन की स्थिति उस लाचारी की अवस्था में आ गई है, जहां वह अपना अभिमान, अखंडता और संप्रभुता की गरिमा बचाए रखने की स्थिति में नहीं रह गया है। यदि यूक्रेन ने परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तखत नहीं किए होते तो वह इस लाचारी को प्राप्त नहीं हुआ होता।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

# जीवन में सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## रमजान का पहला रोजा



रमजान महीने के पहले दिन, रविवार को नई दिल्ली की जामा मस्जिद में मुसलमान इफ्तार में हिस्सा लेते हुए।

## आज की पाती

### करों का उचित प्रयोग करें सरकारें

हाल ही में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया कि अगर सड़कों की हालत खस्ता है तो टोल टैक्स लेने का सरकारों का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने नेशनल हाइवे 44 पर स्थित दो टोल प्लाजों पर लगभग 80 प्रतिशत टोल टैक्स कम करने के आदेश भी दिए हैं। सरकारें हमसे किसी भी रूप में जो टैक्स वसूलती हैं, उसका सदुपयोग नहीं किया जाए तो यह सरकारों की सबसे बड़ी नासमझी है। हमारे देश में दिन-प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, वो आतंकवाद के शिकार होने वाले पीड़ितों से ज्यादा हैं। सड़क हादसा कभी अपनी लापरवाही से हो जाता है, तो कभी दूसरों की लापरवाही से। बहरहाल, सभी सरकारों को यह तय करना चाहिए कि करों का उचित प्रयोग हो। – *मनीष मिश्रा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### माइक मासिमिनो से मुलाकात



प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री माइक मासिमिनो से मिलकर खुशी हुई। अंतरिक्ष के प्रति उनका जुनून और इसे युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाना भी सर्वविदित है। यह भी सराहनीय है कि वह सीखने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जनता से किए वादे निभाएंगे



हमारे लिए सत्ता, जनता द्वारा सौंपा गया वह पुनीत अवसर है, जिसके माध्यम से हम लोक कल्याण और अन्त्योदय के लिए कार्य कर सकते हैं। हम उन सभी वादों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, जो दिल्ली की जनता से किए गए हैं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नशे के ख़िलाफ़ महायुद्ध



पंजाब में नशे के ख़िलाफ़ हमारी सरकार ने महायुद्ध छेड़ दिया है। नशे ने हमारे युवाओं और बच्चों को बड़ी संख्या में बर्बाद कर दिया। नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पंजाब से नशे को हमेशा के लिए खत्म किया जाएगा।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली


### नकारात्मक रिश्ते



तेज़ बहती नदी में भँवर की तरह, आप अक्सर नकारात्मक रिश्तों और भावनाओं में फँसे रहते हैं.. नदी बह रही है.. तुम्हें तय करना होगा कि तुम कौन हो.. भँवर या नदी? -शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# इराक के विस्थापित कुर्दों को घर लौटने की उम्मीद



उत्तरी इराक में सालों से जारी तुर्किये की सेना और कुर्द उग्रवादियों के बीच लड़ाई के कारण विस्थापित हुए इराकी कुर्द ग्रामीणों को जल्दी ही अपने घर लौटने की उम्मीद जागी है। उनकी उम्मीदें तब और बढ़ गईं जब कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी ने शनिवार को तुर्किये सरकार के खिलाफ 40 साल से जारी विद्रोह में संघर्ष विराम की घोषणा की। अगर यह संघर्ष विराम लागू होता है तो यह न सिर्फ पड़ोसी तुर्किये के लिए एक अहम मोड़ होगा, बल्कि दोनों देशों की सीमा तक फैले अस्थिर क्षेत्र में भी जरूरी स्थिरता ला सकता है। आदिल ताहिर कादिर 1988 में माउंट मतिन स्थित अपने गांव बारची से भाग गए थे, जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने क्षेत्र की कुर्द आबादी के खिलाफ अभियान शुरू किया था। वह अब एक नए बने गांव में रहता है – जिसका नाम भी बारची है। कादिर ने कहा कि अगर शांति आती है, तो वह तुरंत वापस चले जाएंगे। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि यह काम करे ताकि हम वापस लौट सकें। अन्य विस्थापित सालिहा शिनो ने कहा, इस क्षेत्र के आसपास तुर्किये के कई ठिकाने हैं। उन्होंने कहा, बमबारी हर दोपहर शुरू होती है और रात में तेज हो जाती है।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# वनतारा पशु संरक्षण केंद्र को परखा, अंबानी परिवार रहा साथ

## वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की

3 हजार एकड़ में फैला वनतारा रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के परिसर में स्थित है। यह वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है तथा दुर्व्यवहार और शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य, पुनर्वास व चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। इसका उद्देश्य वन्यप्राणियो का संरक्षण व सुरक्षा है।

एजेंसी ▶▶ जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह गुजरात के जामनगर जिले में पशु बचाव, संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। 3 हजार एकड़ में फैला वनतारा




रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के परिसर में स्थित है। यह वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है तथा दुर्व्यवहार और शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य, पुनर्वास व चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। वनतारा की अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता, उनके बेटे अनंत और बहू राधिका भी थे। वनतारा 200 से अधिक बचाए गए हाथियों का घर है पीएम मोदी गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम जामनगर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद रविवार को उन्होंने रिलायंस फाउंडेशन के पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। इस दौरान प्रधानमंत्री गिर जिले में सासन गिर नेशनल पार्क भी जाएंगे और जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

**पीएम मोदी तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे जामनगर**

उनके साथ रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पत्नी नीता, बेटे अनंत और बहू राधिका भी थे।



**वनतारा की पहचान विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा के रूप में मिली**


वनतारा पशुओं की आजीवन देखभाल, पुनर्वास और इलाज के लिए काम करता है। यह 3 हजार एकड़ में फैला है, जहां पर 240 से ज्यादा बचाए गए हाथी हैं। वनतारा की पहचान उसकी विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा की वजह से बनी है। वनतारा में पशुओं के लिए विश्व स्तरीय हेल्थकेयर, अस्पताल, रिसर्च और एकेडमिक सेंटर हैं।

### शनिवार शाम जामनगर पहुंचे

प्रधानमंत्री मोदी गुजरात यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शनिवार शाम यहां पहुंचे। जामनगर वायुसेना स्टेशन पर उनके पहुंचते ही उनकी एक झलक पाने के लिए लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। पीएम मोदी गिर वन्यजीव अभयारण्य के मुख्यालय सासन में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। आज सासन में रात्रि विश्राम के बाद पीएम मोदी सोमवार को जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

---

## खबर संक्षेप



### ब्लू घोस्ट लैंडर चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरा

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष की दुनिया में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई। अमेरिका की निजी कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का 'ब्लू घोस्ट लैंडर रविवार को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतर गया। मिशन का उद्देश्य भविष्य के मानव मिशनों की तैयारी के लिए चंद्रमा पर आवास, संसाधन और जलवायु अध्ययन के लिए डाटा जुटाना है। यह नासा के लिए 10.1 करोड़ डॉलर यानी लगभग 884 करोड़ रुपए की लागत से खास उपकरण लेकर गया है। चंद्रमा पर लैंड करने के बाद ब्लू घोस्ट ने चांद की सतह से ली गई अपनी पहली तस्वीर भेजी है, जो जबर्दस्त है। फायरफ्लाई एयरोस्पेस द्वारा पहली सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि स्नैपशॉट में ब्लू घोस्ट की सभी खूबियाँ समाहित हैं। साहसिक महत्वाकांक्षा, अजेय प्रेरणा और नवाचार की भावना। कंपनी ने कहा कि यह तस्वीर उस टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है जिसने चंद्रमा पर इस अग्रणी मिशन को बनाया।

---

## हिमंत बिस्व सरमा ने बताया हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा

# हमें मुसलमान, ईसाई से खतरा नहीं, वामपंथी और उदारवादी लोगों से रहना होगा सावधान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा मुसलमान या ईसाई नहीं हैं, बल्कि खुद उनके समाज के अंदर मौजूद वामपंथी और उदारवादी लोग हैं। उन्होंने यह बयान कोलकाता में एक निजी संगठन की ओर से आयोजित एक पुरस्कार समारोह में दिया है। सरमा ने अपने संबोधन में कहा कि वामपंथी और उदारवादी हिंदू समाज को कमजोर कर रहे हैं और यही असली खतरा है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की कमजोरी की जड़ें वामपंथ और उदारवाद में हैं, जिसे ममता बनर्जी ने विरासत में प्राप्त किया है।

'विवेकानंद सेवा सम्मान 2025' कार्यक्रम में शामिल हुए असम के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को भी याद किया और कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपने संबोधन का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए स्वामी जी के आदर्शों का पालन करने कहा।

### भारत स्वाभाविक रूप से धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र

असम के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की सभ्यता 5,000 वर्षों से भी अधिक पुरानी है और यह 1947 में देश की स्वतंत्रता से शुरू नहीं हुई थी। उन्होंने भारत को एक 'स्वाभाविक रूप से धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र' करार देते हुए कहा कि सहिष्णुता और भाईचारे की शिक्षा भारत को किसी से लेने की जरूरत नहीं है।

### हिंदुओं को लेकर ममता राहुल पर साधा निशाना

असम और पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की घटती जनसंख्या का दावा करते हुए सरमा ने कहा कि असम में हिंदुओं की संख्या 58 प्रतिशत तक घट गई है, जबकि पश्चिम बंगाल में यह लगभग 65 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि हिंदुओं को अपनी स्थिति को मजबूत करने की जरूरत है।



### वक्फ बोर्ड, तीन तलाक और यूसीसी पर भी बोले

सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में भारत सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा कि यह 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है। साथ ही, उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अब 'वक्फ कानून को समाप्त' करने का समय आ गया है। उन्होंने तीन तलाक (ट्रिपल तलाक) की समाप्ति को भी एक महत्वपूर्ण कदम बताया और समान नागरिक संहिता की संभावना पर जोर दिया। उनके अनुसार, भारत में यह कानून जल्द ही लागू किया जा सकता है।

**वे खुद खत्म हो जाएंगे पर हिंदू धर्म नहीं**

### 2014 के पहले तो हालात गंभीर थे

धीरे-धीरे लेफ्ट और लिबरल लोगों ने इस देश को घेर लिया था, फिर ऐसे ही लोगों को पद्मश्री मिली जो खासकर हिंदुओं के खिलाफ बोलती थी। 2014 तक ऐसा लगा कि देश अब उबर नहीं पाएगा। इतने स्कैम हुए हिंदुओं को कटघरे में खड़ा किया गया और कहा गया कि हिंदू मत बोलो सेकुलर बोलो और देश के प्रधानमंत्री ने यहां तक बोला कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार माइनॉरिटी का होगा, लेकिन यदा-यदा ही धर्मस्य और हमारे पास मोदी आए। मैं नहीं मानता कि मुसलमान और ईसाई से हिंदुओं को खतरा है। मैं ऐसा कभी नहीं मानता। दरअसल, ये दोनों भारत में अल्पसंख्यक हैं। हिंदुओं को खतरा खुद हमारे समाज से है।

### हिंदुओं को कमजोर किया जा रहा

मैं मानता हूं कि हमें सबसे ज्यादा खतरा है लेफ्ट और लिबरल लोगों से है। ये जो बंगाल की आज हालत है। हिंदुओं को यहां कमजोर किया गया। ममता को तो यह विरासत में मिला, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार तो लेफ्ट और लिबरल है और आज इस विरासत का ट्रीटमेंट उनको मिल रहा है, मेरी उनसे संवेदना है। आपने हिंदुओं को गोमांस खाना सिखाया, लेकिन आप भूल गए कि हमारे पूर्वज अगर गाय का दूध नहीं पीया होता तो आज हमारा जन्म नहीं होता। मैं हमेशा मानता हूं कि जब तक भारत ने हिंदू सुरक्षित रहेगा, तब तक अन्य धर्म भी सुरक्षित रहेंगे।

---

# भाजपा ने गांधी परिवार को बताया एंटी हिंदू, कांग्रेस ने कहा- खुद के साथी नहीं गए वे कौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

महाकुंभ पर कांग्रेस और भाजपा के बीच सोशल मीडिया पर महाभारत छिड़ गया। गांधी परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को एंटी हिंदू बताते हुए भाजपा ने एक्स पर पोस्ट किया।

भाजपा के इस पोस्ट को भाजपा नेताओं ने रीट्वीट कर राहुल गांधी पर सवालों की बौछार कर दी। मीम्स बनने शुरू हो गये। इसके बाद दोनों तरफ के समर्थक सोशल मीडिया के इस सियासी महाभारत में कूद पड़े। कई चीन्हे, अनचीन्हे हस्ताक्षरों ने अपने अपने हिसाब से मुद्दे पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

### भाजपा की पोस्ट में ये लिखा गया

पोस्ट में बताया कि कैसे राम मंदिर बनने पर गांधी परिवार अयोध्या नहीं गया और अब महाकुंभ से राहुल गांधी



**महाकुंभ पर सोशल मीडिया में कांग्रेस-भाजपा में 'महाभारत'**

तब अनुपस्थित रहे जब वे प्रयागराज से महज 120 किमी दूर रायबरेली में दो दिनों के प्रवास पर थे। इतना ही नहीं भाजपा के पोस्ट में कहा गया कि राहुल गांधी और उनका पूरा परिवार एंटी हिंदू है इसीलिए वे बाबर द्वारा बनाई गई बाबरी मस्जिद में तीन बार दर्शन को गये, लेकिन राम मंदिर बनने के बाद, रामलला की स्थापना के बाद उन्होंने मंदिर जाना उचित नहीं समझा।

### कांग्रेस बोली- क्या तुम्हारे साथी भी एंटी हिंदू हैं

कांग्रेस पार्टी की तरफ से मोर्चा संभाला, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे कर्नाटक सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रियांक खडगे ने उन्होंने लिखा, केंद्र सरकार के अधिकतर मंत्री, भाजपा संगठन के अधिकतर नेता, यूपी के आधे से ज्यादा भाजपा विधायक, सोशल मीडिया टीम के कई कार्यकर्ता भी महाकुंभ नहीं गये तो क्या वे सब एंटी-हिंदू हो गए? प्रियांक यही नहीं रुके उन्होंने भाजपा संगठन को टैग करते हुए जवाबी पोस्ट में लिखा कि भाजपा के साथी दल के नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जेडीएस के नेता एचडी कुमारास्वामी जैसे नेता भी महाकुंभ नहीं जा सके तो क्या वे सब भी एंटी हिंदू हैं?

---

**महाकुंभ में 54 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए गुम**

# हाईटेक खोया-पाया केंद्र और शिविरों ने बिछड़ों को मिलाया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इस दौरान कुल 54,357 लोग अपने परिवारों से बिछड़ गए।

योगी सरकार द्वारा स्थापित डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया। मकर संक्रांति पर्व पर 598, मौनी अमावस्या के दौरान 8,725 और बसंत पंचमी पर 864 लोगों को उनके परिवारों से मिलाया गया। अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में 24,896 लोगों का पुनर्मिलन कराया गया। पुलिस ने भी देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाकुंभ में खोए हुए लोगों की मदद



के लिए योगी सरकार की यह डिजिटल पहल बेहद कारगर साबित हुई। इस तरह कुंभ के दौरान कुल 35,083 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया।

महाकुंभ क्षेत्र में 10 डिजिटल खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए। अत्याधुनिक एआई आधारित चेहरा पहचान प्रणाली, मशीन लर्निंग और बहुभाषीय समर्थन जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का संगम देखने को मिला, तो वहीं गैर सरकारी सामाजिक संस्थाओं के प्रयास में मानवता और सेवा का अद्भुत मेल देखने को मिला।

### महाकुंभ के आखिरी दिन 19,274 को मिलाया

इनमें सबसे पुराना भारत सेवा केंद्र एवं हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति भी शामिल हैं। भारत सेवा केंद्र के भूले भटकों के शिविर के संचालक उमेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, महाकुंभ के समापन तक शिविर ने 19,274 बिछड़े महिला और पुरुष को अपनों से मिलाया। इसके अलावा कुम्भ मेले में बिछड़ गए सभी 18 बच्चों को भी उनके परिजनों से मिलाया गया। शिविर के माध्यम से न सिर्फ खोए हुए लोगों को खोजा गया, बल्कि उनके घरों तक पहुंचाने में भी मदद की गई।

---

# भारत का आर्थिक भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशक नहीं, घरेलू निवेशक 'तय' करेंगे

- उद्योग छोटे निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, बाजार में अनावश्यक उतार-चढ़ाव को कम करें

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने कहा**

**एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया समिट में शामिल हुए गोयल**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का आर्थिक भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशकों के बजाय घरेलू निवेशकों के योगदान से तय होगा। उन्होंने इंडस्ट्री से कहा, वे छोटे निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने पर ध्यान दें। मुंबई में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया समिट में गोयल ने यह बात कही।

बताया कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां वर्तमान में 70 लाख करोड़ तक पहुंच गई हैं और जल्द ही यह 100 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर सकती है। उन्होंने इसे भारतीय शेयर बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव बताया।

### घरेलू निवेशकों की अहम भूमिका

गोयल ने जोर दिया कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दिया है और देशभर में निवेशकों तक नए वित्तीय विचारों को पहुंचाया है। उन्होंने करोना जैसे कामों पर घरेलू निवेशकों की भूमिका की सराहना



की।यह भी सराहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, जब विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकाला, तब घरेलू निवेशकों ने बाजार को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान जैसे निवेश विकल्पों की सफलता की भी प्रशंसा की, जो खुदरा निवेशकों के लिए बाजार में बने रहने का एक सुरक्षित तरीका साबित हुआ है।

### बाजार की वास्तविकताओं के बारे में सही जानकारी दें

गोयल ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री से आग्रह किया कि वे छोटे और नए निवेशकों को बाजार की वास्तविकताओं के बारे में सही जानकारी दें। अनिश्चितता और गलत सूचनाएं कई बार निवेशकों को भ्रमित कर सकती हैं, इसलिए म्यूचुअल फंड कंपनियों को जिम्मेदारीपूर्वक निवेशकों का मार्गदर्शन करना चाहिए। निजी कंपनियों के निवेश से देश को मजबूती मिल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की यह पहल अगले 22 वर्षों तक भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने में सहायक होगी।

---

**अयोध्या में भक्तों के लावारिस हुए जूते-चप्पल बने बड़ी समस्या**

**अयोध्या।** अयोध्या में भक्तों की उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए व्यवस्थागत बदलाव के चलते राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास करीब एक महीने से रोजाना बड़ी संख्या में लावारिस जूते-चप्पल एकत्र हो रहे हैं। नगर निगम पहले ही वहां से बड़ी संख्या में जूते-चप्पल हटा चुका है। ये जूते-चप्पल तीर्थयात्रियों के हैं, जिन्होंने इन्हें राम पथ पर स्थित मुख्य प्रवेश द्वार गेट संख्या एक पर उतार



दिया था। शुरुआत में, लगभग आधा किलोमीटर का गोलाकार मार्ग पूरा करने के बाद, तीर्थयात्री उसी द्वार (गेट संख्या एक) से बाहर निकलते थे और अपने जूते-चप्पल लेते थे। इससे प्रवेश बिंदु से अपने जूते-चप्पल वापस पाने के लिए तीर्थयात्रियों को पांच से छह किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती, जिस कारण वे अपने जूते-चप्पल छोड़ दे रहे हैं और नंगे पैर अपने वाहनों या आवास की ओर जा रहे हैं।

---

### नासा ने किया ऐलान मार्च के आखिरी सप्ताह में सुनीता की होगी वापसी

**वॉशिंगटन।** नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर



अंतरिक्ष से जल्द ही पृथ्वी पर वापसी होने वाली है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि करते हुए कहा कि सुनीता विलियम्स और विल्मोर मार्च 2025 के आखिरी में पृथ्वी पर वापस आएंगे। नासा के दोनों अंतरिक्ष यात्री आठ महीने से ज्यादा समय से अन्तरराष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुनीता और बैरी विल्मोर की वापसी पहले जल्दी होने वाली थी, लेकिन मिशन के पुनर्निर्धारण और तकनीकी समस्याओं की वजह से इनमें देरी हुई है। क्रू-10 मिशन के आने से उनकी वापसी जुड़ी है। क्रू-10 मिशन को 12 मार्च 2025 को स्थानीय समयानुसार शाम 7:48 बजे लॉन्च किया जाएगा।



---

# संपत्ति खरीद में पांच करोड़ की ठगी, दो गिरफ्तार

- आरोपी जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर हरियाणा के गुरुग्राम में एक भूखंड बेचा था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 5.78 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति खरीद धोखाधड़ी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा ने एक बयान में कहा कि आरोपी मोहम्मद सलमान और रानी कपूर ने कथित तौर पर जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर हरियाणा के गुरुग्राम में एक भूखंड बेचा था। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता अजय कुमार अग्रवाल के परिचित सलमान ने गुरुग्राम के साउथ सिटी-1 में 1,340 वर्ग गज का भूखंड बेचने का प्रस्ताव दिया।

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराई रजिस्ट्री

जांच में पता चला कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए भूखंड की रजिस्ट्री कपूर के नाम पर करा ली थी। सलमान को 28 फरवरी को करोल बाग से गिरफ्तार किया गया था, जबकि कपूर को एक मार्च को पकड़ा गया। दिल्ली निवासी सलमान 2018 से प्रॉपर्टी के कारोबार में है और कपूर और अन्य लोगों ने फर्जी दस्तावेज बनाने में उसकी मदद की थी।

### फर्जी दस्तावेज पेश कर लिया लोन

बयान में कहा गया है कि सलमान ने भूखंड पर रानी कपूर के स्वामित्व संबंधी फर्जी दस्तावेज पेश किए, जिसके आधार पर अग्रवाल ने बैंक से पांच करोड़ रुपये का ऋण लिया। बिक्री विलेख में 5.40 करोड़ रुपये का उल्लेख किया गया था, जिसमें स्टाम्प ड्यूटी के लिए अतिरिक्त 38 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। हालांकि, जब अग्रवाल ने भूखंड का मुआयना किया, तो उन्हें पता चला कि यह कानूनी रूप से किसी और का था जिसके बाद, उन्होंने बिक्री को रद्द करने के लिए अदालत में मामला दायर किया।

IDFC FIRST Bank

सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031.
टेलीफोन: +91 44 4564 4000 फैक्स: +91 44 4564 4022

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

**परिशिष्ट-IV-अ [नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान देखें]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान के साथ पढ़ा गया**

आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं), सह-ऋणी (ओं) और गारंटर (ओं) को कॉलम (iii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि कॉलम (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी रखी गई/प्रभारित, जिसका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकताओं (ओं) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि की वसूली के लिए नीचे वर्णित अनुसार "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट यानी www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) | (vii) | (viii) | (ix) | (x) | (xi) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं. | डिमांड नोटिस राशि | एग्रीमेंट आईडी | उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) के नाम | बंधक संपत्ति का पता | आरक्षित मूल्य राशि | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि और समय | नीलामी की ईएमडी तिथि और समय | निरीक्षण की तिथि और समय | अधिकृत अधिकारी का नाम एवं संपर्क नंबर | संपत्ति की छवियाँ क्यूआर कोड |
| 1 | 14134123.54/- मांग सूचना दिनांक: 30-सितंबर-2019 | 13599057 | डायनेमिक हेयर सॉल्यूशन, आरोग्य दा फिजियोफिट, शत्रुघ्न सोंधी सुजाता सोंधी | संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल खसरा नंबर 149/36 एवं पोटियाकला, वार्ड क्रमांक 52, रिक दुर्ग-1, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001 | 18181800.00/- | 18181800.00/- | 20-मार्च-2025 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक | 19-मार्च-2025 सुबह10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | 13-मार्च-2025 सुबह10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक | नाम- विनय सोनी संपर्क नंबर-8319378592 नाम- संदेश जैन संपर्क नंबर-8839140796 | |

अस्वीकरण: कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांक: 03.03.2025
स्थान: रायपुर

अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पहले आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)



# ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार 'तंडेल'

**नई दिल्ली।** नागा चैतन्य और साई पल्लवी की 'तंडेल' ने 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होने के बाद सिनेमाघरों में धूम मचा दी थी। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया और दर्शकों से सराहना प्राप्त की। अब, यह कुछ ही दिनों में अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है। 'तंडेल' 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर कई भाषाओं में रिलीज होगी। इसकी घोषणा करते हुए ओटीटी पार्टनर ने लिखा, सरहदों के पार का सफर, हदों से परे की कहानी। तंडेल को 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में देखें।

लाइफ Style



# सामंथा

## फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 15 साल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने फिल्मी दुनिया में15 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एक खास कार्यक्रम में सामंथा रुथ प्रभ को सम्मानित किया गया। यह लम्हा प्यार, पुरानी यादों और प्रशंसकों के उत्साह से भरा हुआ था। सामंथा ने इस बीच बेहतरीन साड़ी पहनी हुई थी। जब उन्होंने अवॉर्ड हासिल किया तब वह उत्साहित लग रही थीं।

सामंथा के फिल्मी दुनिया में 15 साल पूरे होने पर उन्हें 'एमसीआर ग्रुप ऑफ कंपनीज' की तरफ से सम्मानित किया गया। सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, इसमें उन्होंने लिखा कि '15 साल। महान। सौभाग्यपूर्ण। प्यारे। बहुत कुछ आना बाकी है। धन्यवाद चेन्नई। सम्मान के लिए शुक्रिया।' सामंथा ने अवॉर्ड की जगह से साड़ी में अपनी कई फोचो शेयर की हैं। सामंथा ने अपने लुक को गोल्डन साड़ी और गहनों से पूरा किया था। सामंथा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार 'सिटाडेल हनी बनी' में नजर आई थीं। उनके साथ वरुण धवन ने काम किया है। सामंथा ने साल 2010 में तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म में सर्वश्रेठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला। उन्हें साल 2012 में 'नीथाने एन पोनवसंथम' तमिल फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला। इसके साथ इसी साल में उन्हें तेलुगू फिल्म 'ईगा' में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में दीं। उन्होंने अत्तरीनतिकी दरेदी (2013), कत्थी (2024), थेरी (2016), 24 (2016), मेरसल (2017) साल 2012 में सामंथा हिंदी फिल्म 'एक दीवाना था' में नजर आईं।

हॉलीवुड मसाला



# सबसे ज्यादा कमाने वाले एक्टर

**लॉस एंजिल्स।** फोर्ब्स ने हाल ही में दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 'द रॉक' ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। रेसलर से अभिनेता बने ड्वेन जॉनसन अक्सर अलग-अलग वजहों से सुर्खियों में रहते हैं। अब यह उपलब्धि हासिल करके वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। यह पहली बार नहीं है कि ड्वेन जॉनसन इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता पांचवीं बार इस सूची में शामिल हो रहे हैं।



# फिल्मों में आने से पहले वेटर थे 'जेम्स बॉन्ड'

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स बॉन्ड के नाम से मशहूर अभिनेता डेनियल क्रेग ने रविवार को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। डेनियल 15 साल से बॉन्ड के किरदार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। डेनियल क्रेग फिल्मों में आने से पहले एक रेस्तरां में वेटर का काम किया करते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद खुलासा किया था कि 16 साल की उम्र में उन्होंने जब पढ़ाई छोड़ दी तो खुद का पेट पालने के लिए वह वेटर का काम किया करते थे। उन्होंने यह भी कहा था कि वह अगर एक्टर ना बनते तो एक प्रोफेशनल वेटर बनते। डेनियल क्रेग ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत फिल्म द पावर ऑफ वन से किया।



# एक्टर्स को कोई प्लस साइज नहीं बोलता

**मुंबई।** अंजलि आनंद ने टीवी सीरियल, फिल्म और वेब सीरीज जैसे सभी मीडियम में काम किया है। अलग-अलग किरदार और जॉनर के प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं। लेकिन, उनकी एक्टिंग को सराहने की बजाय उनको बस एक प्लस साइज एक्ट्रेस के तौर पर ही पहचाना जा रहा है। ऐसे में अंजलि का कहना है कि ऐसा सिर्फ फीमेल एक्ट्रेस के साथ होता है, हीरो या मेल एक्टर्स के साथ ऐसा कोई सिचुएशन क्रिएट नहीं होती है। हाल ही में एक इंटरव्यू में अंजलि आनंद बताती हैं कि कभी किसी ने गोविंदा को, ऋषि कपूर जी को नहीं कहा कि वे प्लस साइज एक्टर हैं। लेकिन, एक महिला कलाकार को आसानी से प्लस साइज एक्ट्रेस कहा जाता है। मुझे भी अंजलि आनंद प्लस साइज एक्ट्रेस के तौर पर भी जाना जाता है।



# 'शादी में जरूर आना' 7 को री-रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड में फिल्मों को दोबारा रिलीज करने का चलन जोर पकड़ रहा है और दीपक मुकुट की सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट इस ट्रेंड में अपनी फिल्में जोड़ रहे हैं। सनम तेरी कसम (2016) की सफल री-रिलीज के बाद दीपक मुकुट अब 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'शादी में जरूर आना' को सिनेमाघरों में वापस लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। राजकुमार राव और कृति खरबंदा की फिल्म 'शादी में जरूर आना' 7 मार्च को महिला दिवस पर री-रिलीज होगी। राजकुमार राव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इसकी री-रिलीज पर खुशी जाहिर की है। मूल रिलीज के समय यह फिल्म 'फ्लॉप' साबित हुई थी। हालांकि, कुछ वर्षों के दौरान इस फिल्म ने अपनी कहानी से कई दर्शक जुटाए। इस फिल्म का बजट 13 करोड़ रुपए था।

रायपुर में विशाल जन संबोधन के बाद

# प्रेम रावत ने जेके रोलिंग का बुक रीडिंग रिकॉर्ड तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मिर्जापुर

अंतर्राष्ट्रीय लेखक प्रेम रावत और भारतीय लेखक विपुल रिखी ने एक साथ सबसे बड़े 'एक से अधिक लेखक पुस्तक वाचन' का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मिर्जापुर में राज विद्या केंद्र द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 1,33,234 लोगों की विशाल समूह को संबोधित किया। यह संख्या जेके रोलिंग और कनाडा के दो लेखकों द्वारा वर्ष 2000 में बनाए गए 20,264 लोगों के पिछले रिकॉर्ड से लगभग 1,13,000 अधिक है।

प्रेम रावत, जो न्यूयॉर्क टाइम्स के बेस्टसेलिंग लेखक हैं और स्वयं की आवाज जैसी चर्चित पुस्तक लिख चुके हैं, ने अपनी नई पुस्तक 'श्वास : जीवन के प्रति जागरूक हों' के अंश पढ़े। यह पुस्तक अंग्रेजी में पैन मैकमिलन और हिंदी में हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है।

उन्होंने अपनी पुस्तक से पढ़ कर सुनाया कि श्वास आपके अंदर आती है और आप जीवित रहते हैं। जो शक्ति पूरे ब्रह्मांड में व्याप्त है, वही श्वास के रूप में आपके अंदर आती है और आपको जीवन देती है। जो अविनाशी है, अनंत है, उसको महसूस करें। और, जब आप उससे जुड़ जाते हैं, उस पल यह श्वास अनंत हो जाती है। अंदर की ओर मुड़िए, इस श्वास को महसूस कीजिए। यही सबसे अविश्वसनीय चमत्कार है। जिस आनंद को आप खोज रहे हैं, वह बाहर नहीं, बल्कि आपके अंदर मौजूद है।

इस आयोजन में विपुल रिखी ने भी अपनी पुस्तक ड्रंक ऑन लव : कबीर की रचनाओं की काव्यात्मक व्याख्या के अंश पढ़े। यह पुस्तक भी हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। उन्होंने कबीर के इस दोहे का अनुवाद सुनाया। 'स्वांस स्वांस में नाम ले विरथा स्वांस मत खोये, ना जाने इस स्वांस का फिर आवन होये ना होये'। हर सांस में उसके नाम को याद करो, एक भी सांस व्यर्थ न जाने दो। कौन जानता है कि अगला पल आएगा या नहीं, अगली सांस मिलेगी या नहीं।

# 'बागी 4' का नया पोस्टर रिलीज खून से लथपथ दिखे टाइगर

**नई दिल्ली।** अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बागी 4' का नया पोस्टर रविवार को रिलीज किया गया। जिसमें टाइगर थ्रिलर लुक में नजर आ रहे हैं और उनके चेहरे से खून निकलता दिखाई दे रहा है। फिल्म के नए पोस्टर को नाडियाडवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। टाइगर श्रॉफ ने फिल्म के नए पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसके कैप्शन में लिखा कि जिस फ्रैंचाइजी ने उन्हें पहचान दी और उन्होंने ही उनको एक एक्शन हीरो के तौर पर साबित करने का मौका दिया। अब वही उनकी पहचान बदलकर दर्शकों के सामने नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उम्मीद है आठ साल पहले जैसे दर्शकों ने प्यार दिया था, वैसे इस फिल्म को भी स्वीकार करेंगे। 'बागी 4' लोकप्रिय बागी फ्रेंचाइजी का चौथा भाग है, जो ए. हर्षा द्वारा निर्देशित किया गया है। इसमें संजय दत्त खलनायक और सोनम बाजवा मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आने वाले हैं। रोमांचक पोस्टर और नए लुक के कारण फिल्म काफी चर्चा में है।



# कुमार सानू से लेकर उदित नारायण तक इन गायकों को संगीत से किया मशहूर, यादगार हैं सारे गाने...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन संगीतकार आनंदजी वीरजी शाह ने रविवार को अपना 92वां जन्मदिन मनाया उन्होंने अपने कॅरियर में 'पल पल दिल के पास', 'नीले नीले अंबर पर', 'बेखुदी में सनम' और 'क्या खूब लगती हो' जैसे बेहतरीन गाने दिए हैं। बॉलीवुड इंड्स्ट्री में आनंदजी एक कामयाब संगीतकार रहे हैं। इनके गाने आज भी लोगों को खूब भाते हैं। इन्होंने अपने भाई कल्याणजी के साथ मिलकर दो सौ से ज्यादा फिल्मों के गानों को संगीत दिया है।

***उधारी चुकाने के बदले सीख लिया संगीतः*** आनंदजी का संगीत से पुश्तैनी ताल्लुक था। उनके दादा और परदादा गुजरात के मशहूर लोक संगीतकार थे। एक खबर के मुताबिक एक संगीत शिक्षक वीरजी के पैसे नहीं चुका पा रहा था। इसके बदले उसने दोनों भाइयों आनंदजी-कल्याणजी को फ्री में संगीत की शिक्षा दी। बड़े होकर दोनों भाइयों ने 'कल्याणजी वीरजी एंड पार्टी' के नाम से ऑर्केस्ट्रा ग्रुप बनाया। ये ग्रुप देश के कई हिस्सों में संगीत शो का आयोजन करता था।

### इन फिल्मों को दिया संगीत

आनंदजी-कल्याणजी की जोड़ी ने जिन फिल्मों को संगीत दिया उनमें दूल्हा-दुल्हन, जब-जब फूल खिले , मदारी, छलिया, हिमालय की गोद में, हसीना मान जाएगी, उपकार, सफ़र, कोरा कागज, डॉन, पूरब और पश्चिम , जॉनी मेरा नाम, महल, 'मुकद्दर का सिकंदर और कुर्बानी शामिल हैं।



### 250 फिल्मों के गानों को दिया संगीत

आनंदजी वीरजी ने अपने भाई कल्याणजी के साथ मिलकर 250 फिल्मों के गानों को संगीत दिया। इन फिल्मों में से 17 फिल्में गोल्डन जुबली थीं और 39 फिल्में सिल्वर जुबली थीं। इन दोनों की जोड़ी के बारे में कहा जाता है कि इन्होंने कई लोगों को मशहूर बनाया है। इनकी बदौलत ही गायक अल्का याग्निक, कुमार सानू, उदित नारायण और सुनिधि चौहान बड़े गायक बन सके।

***भाई के साथ मिलकर हासिल की कामयाबी :*** *आनंदजी वीरजी शाह की पैदाइश 2 मार्च 1933 को हुई थी। उनके पिता वीरजी शाह कमाने के लिए मुंबई गए और वहां उन्होंने किराना का कारोबार किया। यह हैरत की बात है कि आनंदजी अपने भाई कल्याणजी के साथ कल्याणजी-आनंदजी की जोड़ी बनाई थी। दोनों ने मिलकर बेहतरीन गानों को संगीत दिया और दुनिया को इन पर झूमने के लिए मजबूर किया।*

## पिछले साल भारत की तरफ से डॉक्यूमेंट्री 'टू किल ए टाइगर' हुई थी नॉमिनेट

# मदर इंडिया से लेकर आरआरआर तक ऑस्कर के लिए भेजी गईं ये फिल्में

***नई दिल्ली।*** *किसी भी फिल्म को ऑस्कर मिलना बड़ी बात होती है। हर निर्देशक चाहता है कि उसकी फिल्म को ऑस्कर मिले, लेकिन कई बार नॉमिनेट होने के बावजूद फिल्म को ऑस्कर अवार्ड नहीं मिल पाता है। इस बार ऑस्कर का 97वां साल है। इस साल ऑस्कर का कार्यक्रम 3 मार्च को आयोजित हो रहा है। इस बार भारत से एक फिल्म ऑस्कर के लिए नामांकित हुई है। पिछले साल कोई भी भारतीय फिल्म ऑस्कर नहीं जीत सकी थी। पिछले साल भारत की तरफ से एक डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म 'टू किल ए टाइगर' नॉमिनेट हुई थी, लेकिन उसे अवॉर्ड नहीं मिल सका था।*

### भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजी गई पहली फिल्म

ऑस्कर अवॉर्ड जिसे अकादमी अवॉर्ड भी कहते हैं। इसे साल 1927 में शुरू किया गया। लेकिन, पहला अवॉर्ड 1929 में हुआ। 97 सालों के इतिहास में भारत की तरफ से 50 से ज्यादा फिल्में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भेजी गईं, लेकिन एक भी भारतीय फिल्म को ये अवॉर्ड नहीं मिल सका। भारत की



संस्था फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) की तरफ से ऑस्कर में पहली फिल्म 'मदर इंडिया' भेजी गई थी, लेकिन इसे भी ये अवॉर्ड नहीं मिल सका था।

### भारतीय फिल्म को नहीं मिला ऑस्कर अवॉर्ड

माना जाता है कि भारत की फिल्म 'गांधी' और 'स्लमडॉग मिलियनेयर' को ऑस्कर अवॉर्ड मिला। लेकिन, यह भारतीय फिल्में नहीं थीं। ये फिल्में भारत में शूट हुईं थीं, लेकिन इनके निर्देशक विदेशी थे। 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के डायरेक्टर डैनी बॉयल थे। गांधी फिल्म के निर्देशक रिचर्ड एटनबरो थे। भारत की तरफ से भेजी गईं फिल्में 'मदर इंडिया', 'सलाम बॉम्बे' और 'लगान' ही ऐसी फिल्में हैं, जो ऑस्कर के फाइनल नॉमिनेशन तक पहुंच पाईं ,लेकिन इन फिल्मों को भी ऑस्कर अवॉर्ड नहीं मिल सका।

### 8 भारतीय कलाकारों को मिला ऑस्कर अवॉर्ड

भारत की तरफ से 13 कलाकार ऐसे रहे हैं, जिन्हें अब तक ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला। इनमें से 8 भारतीय कलाकार ऐसे हैं, जिन्हें ऑस्कर अवॉर्ड्स मिला है।

### भारत से कैसे चुनी जाती हैं फिल्में?

भारत की संस्था फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) किसी भी फिल्म को ऑस्कर में भेजने के लिए सभी फिल्म एसोसिएशंस से एंट्री मंगवाती है। इसके बाद इन सभी फिल्मों को इस संस्था के सदस्य देखते हैं। फिर सितंबर में एफएफआई सितंबर में बताता है कि कौन सी फिल्म ऑस्कर में भेजी जाएगी। अपनी फिल्म को ऑस्कर में भेजने का दूसरा तरीका ये है कि कोई भी निर्देशक अपनी फिल्म अकेडमी को सीधे भेज सकता है। इसमें सरकार का कोई दखल नहीं होता है।

***रिजेक्ट किया सेलिब्रिटी मास्टरशेफ*** : नई दिल्ली। सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाने वाली मुनमुन दत्ता को कुकिंग से भी लगाव रहा है। यही कारण रहा कि उन्हें भी सेलिब्रिटी मास्टरशेफ ऑफर हुआ था। लेकिन मुनमुन ने इस शो को रिजेक्ट कर दिया। शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ'से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि मुनमुन दत्ता को भी शो ऑफर हुआ था। वह एक अच्छी कुक हैं, साथ ही काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे में शो ' सेलिब्रिटी मास्टरशेफ'के लिए परफेक्ट थीं। लेकिन, उनके अपने शो कॉमेडी शो को लेकर कुछ कमिटमेंट्स थे, जिसके कारण उन्हें कुकिंग रियालिटी शो को ना कहना पड़ा।



## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक में भिड़ंत, दो की मौत

**सड़क अतरिया।** यातायात विभाग के लगातार कार्रवाई एवं समझाइश के बाद भी तेज रफ्तार मोटर साइकिल पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, जो क्षेत्र में दुर्घटना का बड़ा कारण बना हुआ है। कल चकनार नर्मदा के मध्य रविवार की शाम तेज रफ्तार मोटर साइकिल की आमने-सामने टक्कर ने दो युवक की जान ले लिया। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब साढ़े चार, 5 बजे गोकना निवासी खोमलाल साहू पिता ओमप्रकाश अपने मित्र हेमंत पटेल के साथ नर्मदा से गंड़ई की ओर आ रहा था, तभी नर्मदा चकनार मध्य पुल के आगे पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल से जबरदस्त भिंडत हो गया।
प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों मोटर साइकिल की टक्कर काफी जोरदार था। टक्कर की आवाज काफी दूर तक गूंजा। दोनों मोटर साइकिल का परखच्चा उड़ गया तथा टक्कर के बाद बाइक सवार तीनों युवक इधर उधर गिर पड़े। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल 112 को दुर्घटना की जानकारी दिया। कुछ देर बाद गंड़ई पुलिस एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और तीनों घायल युवकों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर आई, जहां दो युवक गोकना निवासी खोमलाल साहू पिता ओमप्रकाश 15 वर्ष तथा राजनांदगांव तुलसीपुर निवासी चन्द्रप्रकाश गुप्ता पिता रामगोपाल गुप्ता 38 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया।

घर का चना बेच शराब पीकर घर आया था मृतक, पिता भी नशे में था बेसुध

# चूल्हे की लकड़ी से छोटे ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी/नगरी

घर का चना बेचकर दारू पीना बड़े भाई को महंगा पड़ गया। बड़ा भाई पीने के बाद घर में आकर विवाद करने लगा था। तैश में आकर छोटे भाई ने चूल्हे की मोटी लकड़ी से कई बार हमला किया। इससे बड़े भाई की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना नगरी क्षेत्र के ग्राम छिपली की है। यहां पर नवज्योति टिकरापारा निवासी चिंताराम नवरंग के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा कन्हैया लाल और छोटा पानेश कुमार। शनिवार को बड़ा भाई कन्हैया घर में रखे चना को बेचकर शराब पी लिया था। रात में घर आया और खाना नहीं बना है करके विवाद करने लगा। इससे छोटे भाई को भी तैश आ गया। विवाद मारपीट में बदल गया। शुरूआत कन्हैया ने ही की। उसने चूल्हे की अधजली काफी मोटी लकड़ी से पानेश को मारा। पानेश ने लकड़ी छीन कर बड़े भाई कन्हैया पर उसी लकड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस घटना से कन्हैया वहीं पर गिर गया। उसके ऊपर सायकल भी गिर गया। सिर पर गहरी चोट लगने से कन्हैया की मौत हो गई। उधर घटना के बाद इलाज करवाने के लिए पानेश अस्पताल चला गया।



### चचेरे भाई ने दी सूचना

दोनों भाई के साथ घर पर पिता चिंताराम और एक चलने फिरने में असक्षम वृद्धा रहती है। घटना के दिन चिंताराम भी नशे में घर में सोया था। रात में चिंताराम के भाई का पुत्र जब उसके घर पहुंचा तो उसने कन्हैया को मृत हालत में पाया। उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नगरी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया और आरोपी छोटे भाई पानेश कुमार नवरंग को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है।

# युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

**शरीर में 16 गंभीर चोट, नवापारा वार्ड की घटना**





पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर 5 से 7 युवकों ने मिलकर 16 बार चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर जान से मारने का प्रयास किया। हमले से गंभीर घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय रिसाईपारा के शिवचौक के पास रहने वाला राजकुमार यादव पिता बब्बू उम्र 27 वर्ष रविवार की सुबह अपने दोस्तों के साथ बाइक में सवार होकर पड़ोसी मोहल्ला नवापारा वार्ड गया था, जहां 5 से 7 अज्ञात युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर राजकुमार को जाने से मारने की नीयत से धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू से 16 बार वार किया। हमले से युवक लहूलूहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चाकूबाज मौके से फरार हो गए। हमले में युवक के हाथ, कमर, सीना, पेट सहित शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोट लगी है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर के लिए रिफर कर दिया गया।

### अन्य भी आहत

बताया जा रहा है कि इस घटना में अन्य दो से तीन युवक भी चाकू से घायल हुए हैं। आरोपियों को फोकटपारा का होना बताया गया है। घटना के संबंध में डा.अखिलेश देवांगन ने बताया कि चाकू के हमले से घायल एक युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। युवक के शरीर में 15 से 16 जगहों चाकू लगा है। हमले से इन्टरनल आर्गन डेमेज होने की आशंका को देखते हुए घायल को रायपुर रिफर कर दिया गया है।

### आरोपियों की तलाश जारी

कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने बताया कि रविवार की सुबह नवापारा वार्ड में एक युवक को बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया है। आरोपियों को पकड़ने पुलिस की अलग अलग टीम बनाई गई है। बताया गया है कि घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बाकी की खोजबीन जारी है।

## डिजिटल मार्केटिंग का झांसा देकर 1.69 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर ठगी करने वाले अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि क्वार्टर नंबर 2 ए सड़क 19/ए सेक्टर 5 निवासी आदित्य शिवम है। ऑनलाईन होटल, रेस्टारेंट को गूगल पर रेटिंग का झांसा देकर पार्ट टाईम जॉब करवाने के नाम पर पीड़ित से 1 लाख 69 हजार 700 रुपये की ठगी की गई। 12 दिसंबर 2024 को दिव्या शर्मा नामक व्यक्ति ने अपने मोबाइल के वाट्सअप के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग का झांसा देकर ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब करने को कहा गया। इस दौरान ज्वाइन के समय दुनिया के सारे बड़े होटल, रेस्टोरेंट के गूगल वेबसाइट में लाइक और अंग्रेजी अक्षरों में कमेंट करने को कहा गया। लिंक भेज कर प्रति घंटा 20 से 24 रेस्टोरेंट पर ऑनलाइन लाइक कमेंट करने पर 3500 रुपए देने की जानकारी पीड़ित को दी गई।

## धान खरीदी में गड़बड़ी, केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

■ 10 समिति प्रबन्धक हुए निलम्बित, 18 को सेवा से बर्खास्तगी का जारी हुआ नोटिस

31 जनवरी को धान खरीदी का कार्य संपन्न होने के बाद अब शासन स्तर पर खरीदी केंद्र प्रभारियों द्वारा की गई गड़बड़ियों की अब जांच शुरू की गई है।उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला सूरजपुर एनएल टंडन ने बताया कि पिछले दिनों विधानसभा में छ.ग शासन भंडार क्रय नियम का पालन न कर तारपोलिन/प्लास्टिक कवर और इलेक्ट्रॉनिक कांटा बाट अवैध रूप से समिति प्रबन्धकों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से खरीदी किए जाने मामले में 28 समिति प्रबन्धकों पर कार्यवाही की गई है।

इनमें मनमानी तरीके से तारपोलिन खरीदी मामले में जिले के 10 समिति प्रबन्धकों को निलंबित किया गया है जबकि प्लेटफार्म टाईप इलेक्ट्रॉनिक, तौल मशीन खरीदी मामले में शामिल 18 समिति प्रबन्धकों को सेवा से बर्खास्तगी करने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Email : response.haribhoomi@gmail.com

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

**आवश्यकता है-** फैक्टरी, होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन 12000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल :- 7746000016, 8720005500.(RO-3160)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-126)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थान: तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे मोबाइल नंबर: - 9575042814.(RO-3341)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ, OT टेक्नीशियन ड्रेसर, कंपाउंडर, PRO, (मार्केटिंग) रिसेप्शनिष्ट, अनुभवी को प्राथमिकता रहने की सुविधा- कैलाश कांता हॉस्पिटल जोरा रायपुर 9300734153, 0771-2994153. (RO-7448)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें- 9343467254, 7470490884.(RO-6240)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 + कमीशन + बोनस ट्रेनिग के बाद कमाए 15,000 से ज्यादा गोल चौक DDU नगर रायपुर +91 8889376810 (RO-6244)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक (RO-Bhilai)

**आवश्यकता है-** रायपुर शहर में ऑटो में माल सप्लाई एवं ऑफिस कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है। संपर्क करें श्री राधेकृष्णा एजेंसीस, 8 न्यू ब्लॉक फरिश्ता कॉम्प्लेक्स, रायपुर। 7999369912 (RO-Prasant)

### टेक्नीशियन/फील्ड वर्क

**आवश्यकता है-** फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास फ्रेशर या अनुभवी एवं फील्ड वर्क लेबर लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था दी जावेगी सैलरी पांच अंकों में संपर्क यश. एल. ई. डी.टेक्नोलॉजी प्रा. लि. कचना रायपुर मोबाइल 9926791401 संपर्क समय 10 AM TO 5 PM(RO-6241)

### मशीन आपरेटर

**आवश्यकता है-** (Blowing machine) बॉटल फैक्ट्री में मशीन चलाने के लिए आपरेटर की आवश्यकता है बिलासपुर में रहकर काम करना है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9826191897. (RO-36986)

### वार्डन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** गर्ल्स हॉस्टल मे कार्य करने हेतु 2 से 3 वर्ष अनुभवी महिला वार्डन की आवश्यकता है जिसे अंग्रेजी व कंप्युटर का बेसिक ज्ञान हो संपर्क करे आशीर्वाद गर्ल्स हॉस्टल समय - सुबह 9 से 7992612770, 9827999244.(RO-om)

**आवश्यकता है-** जैन हॉस्पिटल में वार्डन, ड्राइवर, गार्ड गर्ल्स स्टाफ की आवश्यकता है शाकाहारी एवं नशा मुक्त ही संपर्क करें। जैन गर्ल्स हॉस्टल, लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर। 9425206595.(RO-7366)

**आवश्यकता है-** आटोडील में कार्य करने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करे- झाबक मोटर्स जियो पेट्रोल पंप के बाजू सरोना चौक रायपुर 9300005455. (RO-158)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के हर जिलों में ड्राइवरों की आवश्यकता है 1 एवं पार्ट टाईम फुल टाईम काम करने वाले लड़को की भी आवश्यकता है 1 वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें Mob. 9202875080. (RO-3340)

### मार्केटिंग/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** प्लांट सुपरवाइजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं ड्राइवर की आवश्यकता है । कविता पॉलीमर्स,यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी, रायपुर मो नं. 7400700030, 7828656506 (RO-158)

### होटलकर्मी

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट - वेटर ,सफाई कर्मचारी कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। संपर्क - होटल अपना केसरी होटल शिव- प्रभा, पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251, 89669-81590 (आरो नं.-690)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

Wanted - Requirement of 3 post of Computer operator, Having thorough knowledge, 4 posts of Godown Incharge only for experience, Requirement of 5 posts of driver for small vehicles. interested candidate may contact us with a resume. Mob.- 8700749996.(RO-117)

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर की आवयश्कता है 30 साल से अधिक उम्र को प्राथमिकता सैलरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भाटागांव चौक रायपुर संपर्क 9826129026, 9300129026 (RO-159)

**आवश्यकता है-** तुरंत महिला कंप्यूटर ऑपरेटर (जेम पोर्टल वर्क ) , टैली, एक्सेल वर्क, ऑनलाइन वर्क, बैंकिंग, ऑनलाइन ट्रेडिंग, डिजाइनर एक्सपर्ट , वेतन- 15000, सेल्समेन वेतन - 10000, सुरक्षागार्ड- 10 , मार्केटिंग- 02 पद, भिलाई सुपेला कार्यालय संपर्क करें मो. नं.-9329280863, 7898003111 (RO-Bhilai)

### सिविल इंजीनियर

**आवश्यकता है-** भिलाई बेस सिविल इन्फ्रा प्रोजेक्ट में शासकीय कार्य करने वाली फार्म को डिप्लोमा होल्डर एवं डिग्रीधारक सिविल इंजिनियर की आवश्यकता कुल-2पद 1जूनियर एवं 1 सिनियर, भत्ता एवं वेतन योग्यतानुसार। कार्यक्षेत्र कांकेर, नारायणपुर, कवर्धा एवं बेमेतरा जिला के अन्तर्गत। स्थानीय एवं अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता। संपर्क:- वाट्सएप - 7722828505, 9755042205 (आरो नं.-692)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### एकाउंटेन्ट

**आवश्यकता है-** भिलाई में कार्यरत सिविल इन्फ्रा फर्म को 1पद जूनियर एवं 1पद सिनियर एकाउंटेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। संपर्क:- वाट्सएप- 7722828505, 9755042205(आरो नं.-693)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** अप्रेंटिसशिप अवसर भिलाई के एक प्रतिष्ठित निजी उद्योग में 25 अप्रेंटिस पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है। कार्यकाल 1 वर्ष (कॉन्ट्रैक्ट आधारित) रहेगा, स्टाइपेंड 9,000 - 10,000 प्रति माह। योग्यता डिप्लोमा इंजीनियर, आई.टी.आई, (मशीनिस्ट , फ़िटर, इलेक्ट्रीशियन, फाउंड्री), बी. कॉम., बी. एस. सी.। केवल 2023-24-25 में उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। संपर्क करें: - 9406082834 Email- hrdept.bhilai123@gmail.com (RO-6239)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** कलैरीस फार्मा प्राइवेट लिमिटेड में पैकिंग कार्य एवं गुड्स डिस्पेच हेतु योग्य लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कलैरीस टॉवर गोंडवारा रायपुर 7000263019, 9329684981.(RO-BSP)

### सेल्स एक्जीक्यूटिव

**तत्काल आवश्यकता है-** अंतर्राष्ट्रीय कूरियर और कार्गो कंपनी के लिए सेल्स पर्सन एग्जीक्यूटिव कोई भी स्नातक और अनुभव रखने वाला, फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं। मदनी इंटरनेशनल कबीरनगर रायपुर संपर्क - 8308786300 / 6261651806 (RO-om)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मिस्त्री/हेल्पर

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने हेतु वेटर, तन्दूर मास्टर हेड मिस्त्री, हेल्पर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नया हाईकोट के पास, रायपुर रोड बिलासपुर 7000942962, 9098976666.(RO-37003)

### अन्य

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348.(RO-704)

**आवश्यकता है-** वनविभाग कम्पनी द्वारा तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या-975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500-52400) तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309.(RO-701)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर - 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

## Services सर्विसेस

**सर्विस -** आंचल अमृततुल्य स्वंय का दुकान डाले, बिजनेस करे बिना रिस्क के, कम पूंजी लगाकर या सैलरी में एग्रीमेंट के साथ संपर्क करें ,8234095610 समवेत शिखर कॉम्पलेक्स, दूसरा मंजिल, रायपुर (छ.ग.) (RO-3316)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** रायपुरा इंद्रप्रस्थ कॉलोनी एवं देवनगरी के पास विभिन्न साइज के प्लाट उपलब्ध हैं संपर्क करें- पारस कंस्ट्रक्शन, गणेश मंदिर चौक, रायपुरा, मोबाइल नंबर: 9827192035 (RO-6969)

### फ्लैट

**फ्लैट बेचना है -** शानदार, फुल्ली फर्निश्ड,डबल फ्लैट, वीआईपी स्टेट , शंकर नगर, रायपुर,अशोका रतन के आगे, जेकएनजिल स्कूल से लगा, 2000 वर्गफुट कारपेट,4 बेड,4 बाथ,बड़ा हॉल, किचन, लक्सरी फ्लैट,आलीशान कमर्शियल लोकेशन,मेनरोड पर बेचना है। संपर्क - 9826457636.(RO-6970)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार ही नहीं, विचार भी... 01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20-25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

Colour 20% Extra Charge For Disply

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098130778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Ph.: 07752-271016, Mob.: 09329711674 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## Healthcare

**चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग**

यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है। ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है। क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है। यह रोग ही नही कारण को दूर करता है।
रस-रसायन अर्थात अयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है। जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है।
(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं।
सावधान !
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

### चोरी की बाइक से घूम रहा था युवक, पुलिस ने पकड़ा

**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी की दो बाइक बरामद की है। आरोपी युवक चोरी की बाइक लेकर घूम रहा था। अनिल शर्मा किराए के मकान में रहता है। 2 जनवरी की शाम वह काम से वापस लौटने के बाद अपने किराए के रूम के बाहर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 2084 को खड़ा कर दिया और खाना खाने के बाद सो गया था। अगली सुबह जब युवक बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी। आस पास खोजबीन के बाद युवक ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नमनाकला पानी टंकी निवासी गौरव श्रीवास्तव चोरी की बाइक से घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम नमनाकला न्विअसी 23 वर्षीय गौरव श्रीवास्तव आ. संतोष श्रीवास्तव बताया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने सुभाषनगर से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके साथ ही आरोपी ने शहर के बस स्टैंड से भी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 4845 चोरी करने और छिपाकर रखने की बात कही।

### लाइवलीहुड कॉलेज के हॉस्टल चोरों का धावा

**सूरजपुर।** पर्री स्थित लाइवलीहुड कॉलेज के हॉस्टल का ताला तोड़ चोरों ने लगभग 30 हजार कीमत के गद्दा, कुर्सी व बल्ब पार कर दिया। लेखापाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज पर्री पतरापार में लेखापाल के पद पर पदस्थ अंजली जायसवाल ने सूरजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 फरवरी की सुबह जब ऑफिस गई तो भृत्य कल्याण सिंह एवं निरज कुमार ने बताया कि हॉस्टल का ताला टूटा हुआ है और 50 सीटर छात्रावास के कमरे में रखे 18 गद्दा, 35 कुर्सी और 20 बल्ब सहित लगभग 30 हजार कीमत के अन्य सामान गायब है।

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर भाई से मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस को होरीलाल निवासी कांपा ने बताया कि 28 फरवरी वह सुबह काम के लिए बिरकोनी पाइप फैक्ट्री गया था, रात करीबन 8.30 बजे उसके भाई बलदाऊ साहू ने फोन नतनिन का जन्मदिन मानने के लिए बुलाया। प्रार्थी जब रात 9.30 बजे बलदाऊ साहू के घर पहुंचा तो वहां जन्मदिन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान बलदाऊ जमीन विवाद की पुरानी बात को लेकर गाली गलौच करने लगा, जब उसे मना किया तो बलदाऊ साहू और दोनों बेटे गौरव व सौरभ साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद वहां आए प्रार्थी के लड़के पोषण साहू के साथ भी तीनों आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**महासमुंद।** ग्राम अछोली स्थित महामाया मंदिर के पास 28 फरवरी की दोपहर पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। तुमगांव पुलिस ने बताया कि तुमगांव का महावीर निषाद और अछोला का अरूण धीवर मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रं0 सीजी 05 सी 8276 से ग्राम समोदा गए थे, समोदा से वापस आते समय ग्राम अछोला महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने दोपहर करीबन 1.30 बजे सामने से आ रही अज्ञात सफेद बोलेरो पिकअप के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर साइकिल को सामने को ठोकर मारकर एक्टसीडेंट कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### राशन दुकान से पीडीएस चावल पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** राशन दुकान से चॉवल पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ई),331 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 12 सुपेला निवासी ईश्वर सिंह ग्राम पिटौरा मे जय महिला स्व. समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान मे सेल्समेन का काम करता है। भिलाई से प्रतिदिन आना जाना करता है। 26 जनवरी को 485 कट्टा पीडीएस चांवल राशन दुकान में आया था। जिसमे से 28 जनवरी तक 20 कट्टा चांवल वितरण कर शाम को दुकान बंद कर घर भिलाई लौट गया।4 फरवरी को शासकीय उचित मूल्य की दुकान पिटौरा पहुंचने पर दुकान का ताला टूटा पड़ा मिला। भीतर जाकर देखने पर पीडीएस चांवल का स्टाक मिलाने पर 40 कट्टा चांवल गायब मिला। जय महिला स्वः समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान अध्यक्ष द्रौपती बाई महिंलांगे और समूह के सदस्यों को सूचना देकर आसपास खोजबीन किया गया।

### मकान से जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4),305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज की गई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि खम्हरिया भाठा वार्ड 1 निवासी सुरभि पटेल प्राइवेट काम करती है। मकान के आलामरी में सोने चांदी के जेवरात रखी हुई थी। मकान का ताल तोड़कर जेवरात को पार कर दिया। घटना 29 दिसंबर 24 की सुबह आलमारी को खोल कर देखने पर गायब मिला। सोने के जेवरात पुरानी 33 हजार रुपए आंकी गई।

### युवक से मारपीट कर जबड़ा तोड़ा

**महासमुंद।** जोरातराई में एक शादी में मायन नाचने के लिए गए एक युवक से मारपीट की घटना हुई है। खल्लारी पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को मोहन निर्मलकर के यहां शादी में मायन नाचने के लिये कोमल यादव एवं उसके दोस्त योगेश धृतलहरे, संदीप सोनवानी गए थे।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों का विश्वास जीत रही केरिपुबल 195 वीं वाहिनी

## अबुझमाड़ के दूरदराज जंगलों में बसे गांवों में लोगों के बीच पहुंच रही फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दशकों से बस्तर के अबुझमाड़ के दूरदराज जंगलों में बसे गांव नक्सल गतिविधियों एवं नक्सली विचारधारा के केन्द्र बिंदु रहे है। नक्सलियों ने बंदूक की नोक पर भोले-भाले युवाओं एवं ग्रामीणों को खोखली हिंसात्मक नक्सली विचारधारा को अपनाने के लिए विवश किया। लोगों को पुलिस एवं सुरक्षा बलों के विरूद्ध खड़ा कर एक दिशाहीन खूनी संघर्ष को अंजाम दिया। आपसी वैचारिक संघर्षो में कई निर्दोष ग्रामीणों एवं सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया। लेकिन हाल के कुछ महीनों में केरिपुबल के 195 वीं वाहिनी ने माड़ एवं दक्षिणी बस्तर के दूरदराज के ग्रामीणों के साथ बेहतर और सहयोगात्मक संबंध बनाकर बल के प्रति अटूट विश्वास कायम किया है। ग्रामीणों के साथ बेहतर सहयोग और उन्हे विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु 195 वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के बी/सी एवं जी- 195 बटा. द्वारा सिलगेर एवं मालेवाही थाना अंतर्गत ग्राम बोदली में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 195 वीं वाहिनी केरिपुबल द्वारा ग्रामीणों से आपसी तालमेल बनाने के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों में सुरक्षा बल के जवानों के प्रति विश्वास जीतने के लिए ग्रामीणों को आवश्यक सामग्रियों उनके दैनिक उपयोगी समानों तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन के अनेक सामग्री का ग्रामीणों में वितरण किया गया।



### योजनाओं की दे रहे जानकारी

इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को देश और क्षेत्र के विकास योजनाओं की ताजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहें लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शान्ति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर राजीव कुमार कमाण्डेंट ने ग्रामीणों के साथ अनुभव एवं विचारों को साझा करते हुए संबोधित किया। इस कोर इलाके में विभिन्न अभियानों का सफलता पूर्वक परिचालन किया गया है। केंद्र सरकार के दिशा निर्देशन में राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए विश्वास एवं विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है।

## घटना : बाराती लेने दुर्ग से दल्लीराजहरा पहुंची बस जलकर हुई खाक

# पहले फायर ब्रिगेड का गेयर उखड़ा, दूसरी में पानी कम, तीसरी के पहुंचते तक सब कुछ खाक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/बालोद

शनिवार व रविवार की दरमियानी रात्रि लगभग 4 बजे बाराती लेने के लिए दुर्ग से दल्लीराजहरा पहुंची एक बस में आग लग गई। आग लगने से बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग से मनीष ट्रेवल्स की एक बस बाराती लेने के लिए दल्लीराजहरा बस स्टैंड पहुंची थी, जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई। वहीं, घटना की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी। लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचकर आग बुझाने से बड़ी घटना टल गई, क्योंकि जिस बस में लाग लगी, उसके पास ही पेट्रोलियम टैंकर भी खड़ा था। इसके साथ ही आसपास दर्जनों बसें भी खड़ी थीं। यदि आग बुझाने में देर होती, तो घटना भयंकर हो सकती थी। लेकिन आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड में अव्यवस्था भी नजर आई। आग लगने की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, लेकिन जैसे ही उसे चालू किया गया, तो उसका गेयर लिवर उखड़ गया, इससे पानी नहीं डाला जा सका। उसके बाद फायर ब्रिगेड की दूसरे गाड़ी बुलाई गयी, जिसमें पानी कम होने के कारण कुछ देर में ही पानी खाली हो गया। उसके बाद आननफानन में तीसरी गाड़ी बुलाई गई, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। हिंदुस्तान पेट्रोलियम का टैंकर पास खड़ा था इसके अलावा पास खड़ी बस में भी आग लगने की जानकारी मिल रही थी, जिसे तत्काल हटा लिया गया था। आगजनी की इस घटना से आसपास रहने वाले दहशत में थे।

- तत्काल आग पर काबू पा लिए जाने से टली बड़ी घटना



**चालक-परिचालक ने खिड़की से कूदकर बचाई जान**

बताया जा रहा है कि बस में देर रात आग लगने के दौरान उसमें ड्रायवर और कंडक्टर सोए हुए थे। बस मे आग लगने की भनक लगते ही ड्रायवर के साथ कंडक्टर ने बस की खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई। उसके बाद आस पास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद भी आग नहीं बुझाया जा सकी।

### बसों की नियमित जांच और रखरखाव करते रहें

दल्ली राजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित कर आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटना को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज कैमरों को खंगाला जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बसों की नियमित जांच और रखरखाव की जाए। सभी बसों में अग्निशमन यंत्र अनिवार्य किया जाए, फायर ब्रिगेड की उपलब्धता में सुधार हो, ताकि समय पर सहायता मिल सके।

# सड़क पार कर रही गायों पर चढ़ी तेज रफ्तार पिकअप, तीन की मौके पर मौत, 6 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

तेज रफ्तार पिकअप सड़क पर चल रहे गौ वंशों के समूह पर चढ़ गई। घटना इतनी भयंकर थी कि तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में कम से कम 6 गायों के घायल होने की बात भी सामने आई है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। घटना ग्राम भरदा की है। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे ग्राम की गायों को चराने ग्राम का चरवाहा सड़क पार कर रहा था। इसी बीच बालोद की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 24 एस 2807 के चालक ने सड़क पार कर रही गायों के समूह पर वाहन चढ़ा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिकअप की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वाहन की टक्कर से 3 गायें तीन दिशा में 20 मीटर दूर तक उछलकर फेंका गई। तीनों ने ही घटना के तुरंत बाद दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियो का दावा है कि वाहन चालक नशे में था और वाहन की गति बहुत तेज थी। घटना ग्राम के मध्य भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में हुई है। उन्होंने कहा कि वाहन चालक ने गांव के भीतर भी वाहन की गति को कम नहीं किया था।

- ग्राम भरदा की घटना, वाहन की टक्कर से 20 मीटर तक छिटक गईं गायें



- दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने जताया आक्रोश, की मुआवजे की मांग

### दुधारू थीं तीनों गायें, एक ने सप्ताहभर पहले ही बछड़े को दिया था जन्म

ग्राम की बरदी में जिन तीन गायों की मौत हुई, उनके स्वामियों का दुख घटना में छलक पड़ा। तीजूराम साहू के घर की महिलाएं अपनी गौ माता की मौत पर कर रो पड़ीं। वहीं, मोजीराम निषाद का 12 वर्षीय पुत्र भी अपने घर की गौ माता की इस प्रकार से मौत होने पर अपने आंसू नहीं रोक सका। तीसरे प्रभावित ग्रामीण रोहित निषाद के परिवार के सदस्य भी दुखी हैं। बता दें कि तीनों ही गाएं दुधारू थीं, वहीं तीजूराम साहू की गाय ने तो एक सप्ताह पहले ही बछड़े को जन्म दिया था। तीनों ही परिवारों में उनकी गाय उनके परिवार के सदस्य की तरह थी। ग्रामीणों ने मामले में तीनों प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

# राजस्व टीम पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजपुर



सीमांकन कार्य के दौरान राजस्व टीम पर हमला और बाइक चढाने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। एसडीएम द्वारा की गई शिकायत के बाद जांच उपरान्त पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इसके साथ ही मामले की विवेचना जारी है। बता दें कि 28 फरवरी को राजस्व की टीम न्यायालय तहसीलदार के 20 फरवरी के आदेश के परिपालन में वार्ड क्रमांक 3 में शराब भट्ठी के पास खसरा नम्बर 3/1, 3/2, 3/3, 3/50 भूमि का सीमांकन कार्य कराने गई थी। भूमि के नाप जोख करने के दौरान राजपुर निवासी गोवर्धन पैकरा एवं सोबरन पैकरा द्वारा शराब भठ्ठी वाले सीसी सड़क पर अपनी मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार से चलाते हुए राजपुर महुआपारा निवासी प्रवीण अग्रवाल एवं सीमांकन के लिए उपस्थित राजस्व कर्मचारियों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इस घटना में राजस्व निरीक्षक के उंगली में चोटें आई थी और अन्य कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई थी।घटना के बाद राजस्व दल के कर्मचारियों द्वारा घटना की लिखित शिकायत करते हुए एसडीएम से मामले में कार्रवाई की मांग की थी। मामले में एसडीएम राजस्व राजपुर राजीव जेम्स कुजुर ने संज्ञान लेते हुए 1 मार्च को राजपुर थाना में कार्रवाई हेतु शिकायत प्रतिवेदन दिया था।

### लाइनमैन के साथ गया ड्राइवर पोल पर चढ़ा, करंट लगने से हुई मौत

**महासमुंद।** जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उलबा में बिजली पोल के तार में करंट की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह से झुलस गया। जहां इलाज के दौरान 6 दिन बाद युवक की रायपुर के एक अस्पताल में मौत हो गई। घटना बीते 25 फरवरी की सुबह करीब 11.30 की बताई जा रही है। यह भी जानकारी मिली है कि युवक विभाग में ड्राइवरी का काम करता था लेकिन, उसे बिजली पोल में फॉल्ट ठीक करने चढ़ा दिया गया। इस लापरवाही का खामियाजा युवक को अपनी जान से हाथ धोकर चुकाना पड़ा है। मृतक भागीरथी साहू पिता टेकराम साहू (25) ग्राम कोलपदर का निवासी था। ग्राम कोलपदर में बीते कई दिनों लो वोल्टेज की समस्या के कारण ग्रामीण परेशान है। बीते 25 फरवरी को सुबह 11 बजे मृतक साथी लाइनमैन के साथ गांव से 1 किमी दूर ग्राम उलबा गया हुआ था। खेत से गुजरी 11 केवी की बिजली चालू थी। जिस बिजली पोल में फाल्ट था। इस दौरान साथी लाईनमैन मोबाइल में बात करने लगा और युवक सीधे पोल में चढ़ गया।

# नशे का कारोबारी और मेडिकल संचालक गिरफ्तार, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नशे को लेकर पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करती आ रही है। नशे का बड़ा कारोबार मेडिकल संचालक समेत दो युवक मिलकर कर रहे थे। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशीली सीरप, टेबलेट जब्त किया है। सीएसपी दुर्ग अजय सिंह ने बताया कि विशेष सूत्रों से जानकारी मिलने पर जोन 2 एबीडी स्ट्रीट सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी नितेश सिंह स्टेशन रोड दुर्ग से नशीली दवाई अवैध रूप से परिवहन कर लेकर जा रहा था। टीम ने नितेश को राजेन्द्र प्रसाद चौक दुर्ग में घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर प्रतिबंधित नशीली दवा कुल 23 नग मिला। उक्त दवा को नितेश सिंह ने देवा भगत फार्मेसी स्टेशन रोड दुर्ग से खरीदना स्वीकार बताया। नितेश के बताये जाने पर टीम मौके पर औषधि निरीक्षक दुर्गेश्वारी साहू को बुलाया और देवा भगत फार्मेसी स्टेशन रोड दुर्ग में दबिश दिया। कार्रवाई के दौरान प्रतिबंधित नशीली सिरप, टेबलेट बड़ी मात्रा में जब्त किए गए। बेचे गए रकम 4050 रुपए देवा भगत फार्मेसी संचालक जागृति चौक शंकर नगर दुर्ग निवासी अजय देवांगन से बरामद कर कार्रवाई की गई। सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी के फार्मेसी लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। दवाओं की कीमत 15 हजार 636 रुपए आंकी गई है।

## प्रबन्धन ने कहा-पहले से बिगड़ी हुई थी स्थिति

# एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण मरीज की मौत, परिजन ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर रूप से बीमार ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। मरीज की हालत गंभीर होने के कारण अस्पताल प्रबंधन द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन समय पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने के कारण मरीज की जान नहीं बच पाई। परिजन ने एंबुलेंस नहीं मिलने से ग्रामीण की मौत का आरोप लगाया है जबकि प्रबंधन का कहना है कि मृतक के परिजन लम्बे समय से उसका उपचार झोलाछाप से करवा रहे थे।

प्राप्त जानकारी अनुसार खालपारा रजौटी निवासी 47 वर्षीय निर्मल एक्का आ. हरिल एक्का को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में भर्ती कराया गया था। मरीज को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा निर्मल एक्का को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन मेडिकल कॉलेज जाने से पहले ही बीती रात मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजन का कहना है कि हालत में सुधार नहीं होने पर मरीज को अंबिकापुर रिफर किया गया था। मरीज को रिफर किए जाने के बाद परिजन लगातार एम्बुलेंस सेवा के लिए 108 से सम्पर्क कर रहे थे लेकिन उन्हें एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाई और मरीज ने उपचार नहीं मिल पाने के कारण दम तोड़ दिया। परिजन का कहना है कि अगर समय रहते एम्बुलेस सुविधा मिल गई होती तो शायद मरीज की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। इधर इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज की हालत पहले से बिगड़ी हुई थी। परिजन उसका उपचार गांव में झोला छाप से करवा रहे थे। इस संबंध में मरीज का उपचार करने वाले डॉ. रोशन निकुंज ने बताया कि मरीज की हालत पहले से खराब थी।

घरवालों ने गांव के झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराया था पर कोई लाभ नहीं मिला। रात को स्थिति ज्यादा खराब हो गई तब परिजन मरीज को लेकर हॉस्पिटल पहुँचे। उसकी हालत देख उसे बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था।

## वैशालीनगर पुलिस कर रही है जांच

# मुनाफा के लालच में 5.70 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मुनाफे के लालच में लाखो रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि सूर्या अपार्टमेंट माडल टाउन जुनवानी निवासी प्रमोद कुमार संगल को 22 अप्रैल 2024 को उसके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाली सुनीता सिंह थी, वह कंपनी जंबी रिसर्च इंस्ट्यूट कर्मी होना बताया था। कंपनी में पैसा इंवेस्ट करने के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच दिया। इसके अलावा कंपनी प्रॉफिट की 20 प्रतिशत कमीशन लेने की भी बात पीड़ित को बताई गई थी। प्रमोद ने महिला के झांसे में आकर अपने यूको बैंक खाते से 50 हजार रुपए सुनीता के बताए गए खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। फिर 23 अप्रैल 2024 को यूको बैंक भिलाई ब्रांच से 50 हजार रुपए, फिर 4 लाख, 50 हजार और 20 हजार समेत कुल 5 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर किया।

प्रमोद ने पुलिस को बताया कि जब उसने 50 हजार रुपए ऑनलाइन जंबी रिसर्च इंस्ट्यूट कंपनी को दिया तो अगले दिन उसने प्रॉफिट समेत रिटर्न मांगा।


## खबर संक्षेप

### इंडिगो पर इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित जुर्माना



**नई दिल्ली।** इंडिगो ने कहा कि उसपर गुजरात में इनपुट टैक्स क्रेडिट के संबंध में 1.30 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा है और वह आवश्यक कानूनी उपाय पर विचार कर रही है। अहमदाबाद के राज्य के सहायक कर आयुक्त ने एयरलाइन पर 1,30,40,966 रुपये का जुर्माना लगाया है।

### भारत में कम अवधि के वीडियो की मांग बढ़ी



**नई दिल्ली।** घरेलू सोशल मीडिया मंच शेयरचैट और मोज के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) मनोहर सिंह चरण ने कहा कि भारत में कम अवधि के वीडियो को छोटे शहरों और कस्बों से बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस खंड में आकर्षक स्थानीय सामग्री की बहुत अधिक मांग है। भारत में कम अवधि के वीडियो का बाजार तेजी से बढ़ रहा है, हालांकि यह अभी शुरुआती दौर में है।

### ग्लेनमार्क ने अमेरिका से एडीएचडी दवा वापस मंगाई



**नई दिल्ली।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स अमेरिकी बाजार में एक जेनेरिक दवा की करीब 15 लाख बोतलें वापस मंगा रही है, जिसका इस्तेमाल एकाग्रता की कमी और अति सक्रियता विकार (एडीएचडी) के इलाज में किया जाता है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने यह जानकारी दी। मुंबई स्थित दवा विनिर्माता की अनुषंगी कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स इंक, यूएसए कई एटोमोक्सेटिन कैप्सूल की करीब 14.76 लाख बोतलें वापस मंगा रही है।

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** सरकार के द्वारा बीते सप्ताह आयातित खाद्य तेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि किये जाने के बावजूद गत सप्ताहांत में शिकॉगो एक्सचेंज में भारी गिरावट रहने के कारण करोबारी दवाब बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। उपलब्धता घटने और सस्ता होने की वजह से मांग बढ़ने के कारण अकेला बिनौला तेल सुधार के साथ बंद हुआ।

### सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.1 करोड़ टन रखा



**नई दिल्ली।** सरकार ने अप्रैल से शुरू होने वाले 2025-26 रबी विपणन सत्र के लिए 3.1 करोड़ टन गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया। कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2024-25 में 11.5 करोड़ टन रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है, बावजूद खरीद लक्ष्य कम है। राज्य के खाद्य सचिवों के साथ हुई बैठक में गेहूं, धान और मोटे अनाज जैसी रबी फसलों के लिए खरीद लक्ष्य तय किया गया।

### डालमिया भारत क्षमता बढ़ाने करेगी निवेश

Dalmia Bharat Limited

**नई दिल्ली।** सीमेंट विनिर्माता डालमिया भारत ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में 60 लाख टन सालाना सीमेंट क्षमता बढ़ाने के लिए लगभग 3,520 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। कंपनी अपनी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से कर्नाटक में अपने मौजूदा बेलगाम संयंत्र में 36 लाख टन प्रति वर्ष (एमएनटीपीए) क्लिंकर इकाई और 30 लाख टन सालाना ग्राइंडिंग इकाई स्थापित करेगी।

# टीसीएस को हुआ सबसे बड़ा नुकसान, अब नहीं रही देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टीसीएस अब भले ही देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी हो, लेकिन देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी नहीं रही। इसका अहम कारण कंपनी के शेयरों में लगातार गिरावट और वैल्यूएशन में कमी आना है। टीसीएस को पीछे छोड़कर एचडीएफसी बैंक दूसरे पायदान पर आ गया है। टीसीएस के शेयर मे मौजूदा साल यानी दो महीनों में 15 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है।

अब जबकि 6 महीनों में कंपनी के शेयर 23 फीसदी से ज्यादा गिर चुके हैं। जिसकी वजह से कंपनी के मार्केट कैप को भी मोटा नुकसान हुआ है। पिछले हफ्ते भी टीसीएस को सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। कंपनी के शेयर में 6.68 फीसदी का नुकसान देखने को मिला है। जिसकी वजह से कंपनी के मार्केट कैप में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

## कंपनी के शेयरों में लगातार गिरावट और वैल्यूएशन गिरा है, टीसीएस को पीछे छोड़कर एचडीएफसी बैंक दूसरे पायदान पर आ गया

### रिकॉर्ड लेवल से नीचे गिरा

टीसीएस का शेयर 4,592.25 रुपए के साथ 52 हफ्तों के हाई पर पहुंच गया था। जो मौजूदा समय में 3,478 रुपए पर दिखाई दे रहा है। तब से अब तक कंपनी के शेयरों में 1,114.25 रुपए की गिरावट देखने को मिल चुका है। इसका मतलब है कि कंपनी के शेयर में रिकॉर्ड 24 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल चुकी है। वहीं बीते एक साल में कंपनी के शेयर करीब 15 फीसदी नीचे आ चुके हैं। जिसकी वजह से कंपनी को बड़ा नुकसान हो रहा है।

### एक हफ्ते में कंपनी के शेयर 249.10 रुपए गिर चुके




एनएसई के आंकड़ों के अनुसार एक हफ्ते में कंपनी के शेयर में 249.10 रुपए की गिरावट आ चुकी है। जबकि शुक्रवार को कंपनी का शेयर 134.55 रुपए यानी 3.72 फीसदी की कटौती देखने को मिली है। मौजूदा समय में कंपनी के शेयर 3,478 रुपए पर आ चुके हैं।

### नहीं रही देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

शेयरों में लगातार गिरावट की वजह से कंपनी की वैल्यूएशन में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। खास बात तो ये है कि कंपनी की वैल्यूएशन अब इतना कम हो गया है कि वो देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी के पायदान से नीचे खिसकर तीसरे पायदान पर आ गई है। आंकड़ों को देखें तो कंपनी को पिछले एक लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ और कंपनी का मार्केट कैप 13 लाख करोड़ रुपए से नीचे आ गया। जिसकी वजह से कंपनी देश की सबसे बड़ी कंपनी के पायदान पर आ गई। जबकि एचडीएफसी बैंक दूसरे पायदान पर पहुंच गया। बैंक का मार्केट कैप अभी 13 लाख करोड़ रुपए के ऊपर बना हुआ है।

## नीति आयोग के सदस्य विरमानी ने कहा-कामगार व जनसंख्या का अनुपात बढ़ा

# रोजगार बढ़ रहा पर महंगाई के हिसाब से नियमित कर्मचारियों का वेतन नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा है कि देश में रोजगार तो बढ़ रहा है, लेकिन नियमित नौकरियों के मामले में सात साल में वास्तविक पारिश्रमिक महंगाई के हिसाब से नहीं बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि नौकरी और कौशल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, आप में हुनर है तो उससे नौकरी मिलना आसान हो जाता है।

विरमानी के अनुसार, वैश्विक जनसंख्या के मामले में हमारे पास अवसर है, उसका लाभ उठाने की जरूरत है और इसके लिए शिक्षण और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''पीएलएफएस (आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण) आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात साल में कामगार-जनसंख्या अनुपात साफ तौर पर बढ़ रहा है।

## नौकरियों के मामले में सात साल से पारिश्रमिक महंगाई के हिसाब से नहीं बढ़ा

### पीएलएफएस ने जारी की रिपोर्ट

इसका मतलब है कि नौकरियों की संख्या जनसंख्या वृद्धि के मुकाबले अधिक बढ़ रही हैं। इसमें उतार-चढ़ाव भी है लेकिन जो रुख है, वह बताता है कि नौकरियां बढ़ रही है। अतः यह कहना गलत है कि नौकरियां नहीं बढ़ रही हैं।'' उल्लेखनीय है कि पीएलएफएस की सालाना रिपोर्ट 2023-24 (जुलाई-जून) के अनुसार, कामगार-जनसंख्या अनुपात सभी उम्र के व्यक्तियों के मामले में 2023-24 में बढ़कर 43.7 प्रतिशत हो गया, जो 2017-18 में 34.7 प्रतिशत था।




### महंगाई के हिसाब से पारिश्रमिक नहीं बढ़ा

जाने-माने अर्थशास्त्री विरमानी ने कहा, ''लेकिन एक बड़ा मुद्दा नियमित वेतन वाली नौकरियां के मामले में है। इस श्रेणी में सात साल में वास्तविक पारिश्रमिक मुद्रास्फीति के हिसाब से नहीं बढ़ा है।'' उन्होंने कहा, ''जहां तक मेरा आकलन है, महंगाई के हिसाब से पारिश्रमिक नहीं बढ़ने का मुख्य कारण है कौशल की कमी है।

### शिक्षा के हर स्तर पर कौशल विकास जरूरी

विरमानी ने कहा, ''हमने जो विश्लेषण किया है, उसके अनुसार शिक्षा के हर स्तर पर कौशल विकास की जरूरत है। कई बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं, उनके लिए उसी हिसाब से कौशल विकसित करने की जरूरत है। ऐसा नहीं है कि सभी को एआई (कृत्रिम मेधा) या इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर बनने के लिए ही कौशल की जरूरत है। हमें उन बच्चों के बारे में भी सोचना है जो बीच में पढ़ाई छोड़ते हैं।

### कैजुअल वर्कर का वेतन बढ़ा

विरमानी ने कहा, ''अगर पीएलएफएस में पारिश्रमिक के आंकड़ों को देखें, जो कैजुअल वर्कर (ठेके पर काम करने वाले) हैं, उनका वास्तविक वेतन सात साल के दौरान बढ़ा है और इस दौरान उनकी स्थिति सुधरी है। आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं।''

### कौशल के साथ उत्पादकता बढ़ती है

नीति आयोग के सदस्य के अनुसार, यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि कौशल जब बढ़ता है, उत्पादकता बढ़ती है, और वास्तविक वेतन बढ़ता है। यह भारत में भी होता है और दुनिया में भी होता है। हम यह सोचते हैं कि हम जो काम कर रहे हैं, वहीं करते रहें और वेतन बढ़ेगा, यह ठीक नहीं है। अतः स्किलिंग (कौशल विकास) बहुत जरूरी है। और जो काम कर रहे हैं केवल उनके लिए ही नहीं बल्कि जो नये लोग आ रहे हैं, उनमें भी कौशल विकास की जरूरत है।

# हिंदुस्तान जिंक पांच साल में उत्पादन दोगुना करेगा




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में अपने धातु उत्पादन को दोगुना करके सालाना 20 लाख टन करना है। कंपनी की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने यह बात कही।

हेब्बार ने शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा, 'भारत की इस्पात क्षमता में विस्तार और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक ध्यान के साथ, हिंदुस्तान जिंक 2030 तक अपने उत्पादन को दोगुना करके 20 लाख टन सालाना करने की राह पर है। हमारा जिंक, इस्पात गैल्वनाइजेशन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' कंपनी की जिंक उत्पादन क्षमता इस समय सालाना 11 लाख टन है। हेब्बार ने कहा कि कंपनी महत्वपूर्ण खनिजों में भी विस्तार कर रही है और उसे देश में कई ब्लॉकों के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया है। हिंदुस्तान जिंक की रोस्टर और उर्वरक संयंत्र परियोजनाएं भी आगे बढ़ रही हैं। चेयरपर्सन ने कहा, ''चाहे हमारे 'टेली-रिमोट' संचालन हों, जो हमें सतह से भूमिगत खदानों को संचालित करने की क्षमता देते हैं या धातु उत्पादन में उन्नत रोबोटिक्स का इस्तेमाल हो, हम अपने संचालन में मानवीय हस्तक्षेप को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

■ चेयरपर्सन ने कहा, उत्पादन सालाना 20 लाख टन करना है

### उत्पादन चार फीसदी सालाना की दर से बढ़ा

कंपनी के कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाने से अयस्क निकालने, प्रसंस्करण और धातु उत्पादन में वृद्धि हुई है और इसकी उत्पादकता लगातार बढ़ रही है। पिछले पांच वर्षों में, कंपनी का धातु उत्पादन चार प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ा है, जबकि चांदी का उत्पादन पांच प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

विदेशी निवेशकों की गतिविधियां डालेगी असर

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका में शुल्क से संबंधित घटनाक्रमों, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि आने वाले दिनों में व्यापार शुल्क की चिंताओं तथा विदेशी कोषों की निकासी से निवेशकों की धारणा कमजोर रह सकती है। अकेले फरवरी में निफ्टी 1,383.7 अंक टूटा है। वहीं इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 4,302.47 अंक नीचे आया है।

पिछले साल 27 सितंबर को सेंसेक्स 85,978.25 के अपने शीर्ष स्तर पर पहुंचा था। तब से अबतक सेंसेक्स 12,780.15 अंक या 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। इसी तरह निफ्टी 27 सितंबर, 2024 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 26,277.35 अंक से 4,152.65 अंक या 15.80 प्रतिशत टूट चुका है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''निवेशकों की निगाह शुल्क नीति और बेरोजगारी दावों सहित महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर रहेगी। निकट भविष्य में बाजार की स्थिति कमजोर रहने की उम्मीद है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों के नतीजों में सुधार तथा वैश्विक व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितता कम होने के बाद स्थिति में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है।''



मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमारा मानना है कि कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू मोर्चे पर संकेतकों की कमी की वजह से बाजार कमजोरी के रुख के साथ कारोबार करेगा।''

### जीडीपी सात तिमाहियों के निचले स्तर से उबर रही

यह क्रमिक आधार पर सात तिमाहियों के निचले स्तर से उबर रही है। हालांकि, दिसंबर तिमाही की वृद्धि दर इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में कम रही है। आर्थिक वृद्धि दर का यह आंकड़ा ऐसे समय आया है जबकि अमेरिका का शुल्क युद्ध चुनौती बना हुआ है।

### जीडीपी की वृद्धि दर 6.2 फीसदी रही

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही है। यह जुलाई-सितंबर तिमाही के 5.6 प्रतिशत के संशोधित आंकड़े से अधिक है। हालांकि, यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.8 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

### रिजर्व बैंक ने हांगकांग शंघाई बैंक पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने अपने ग्राहक को जानें और जमा पर ब्याज दर से संबंधित निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड पर 66.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लिमिटेड पर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकार करने वाली कंपनी और जमा स्वीकार करने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016 और अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए 33.1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

# एनसीएल की 24 हजार करोड़ की पुनर्वास योजना शुरू होगी

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

कोल इंडिया की इकाई एनसीएल जल्द ही मध्य प्रदेश के सिंगरौली में मोरवा कस्बे को स्थानांतरित करने के लिए अपनी 24,000 करोड़ रुपये की पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आर एंड आर) परियोजना शुरू करेगी।

'सिंगरौली पुनरुद्धार' परियोजना के तहत इस पुनर्वास में 927 हेक्टेयर में फैले कस्बे से करीब 50,000 लोगों और 22,500 घरों को स्थानांतरित किया जाएगा। सिंगरौली में करीब 60 करोड़ टन खनन योग्य कोयला है। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बी साईराम ने कहा, ''यह एक बहुत बड़ी परियोजना है जिसकी अनुमानित लागत 24,000 करोड़ रुपये है।



### भूमि अधिग्रहण मुद्दे सुलझाने पर काम

फिलहाल एनसीएल भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों को सुलझाने पर काम कर रही है, जिस पर करीब 4,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आरएंडआर खर्च की भरपाई के लिए एनसीएल मई से कोयले की बिक्री पर 300 रुपये प्रति टन का अतिरिक्त शुल्क लगाएगी। इससे वित्त वर्ष 2026-27 से इसके अनुमानित 14 करोड़ टन उत्पादन से सालाना करीब 4,200 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है।

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश: प्रधान

**चेन्नई।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत 35.4 करोड़ डॉलर से अधिक के संयुक्त मूल्यांकन के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। मंत्री भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास प्रदर्शनी 'आईइनवेन्टिव'' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। आईइनवेन्टिव शिक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे पहली बार 2022 में आईआईटी-दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसमें सिर्फ आईआईटी के प्रदर्शन शामिल थे। प्रधान ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भी निमंत्रण दिया और वैश्विक स्टार्ट-अप अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान संबंधों को मजबूत करने की मांग की।

# भारत का खुदरा क्षेत्र 2034 तक 190 लाख करोड़ रुपए का होगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के खुदरा क्षेत्र के 2034 तक बढ़कर 190 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका सबसे अधिक लाभ उन खुदरा विक्रेताओं को होगा जिनके पास देश की विविध जनसांख्यिकी और विपरीत उपभोक्ता व्यवहारों को अपनाने की क्षमता है।

■ सबसे अधिक लाभ खुदरा विक्रेताओं को होगा

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि अलग-अलग उपभोक्ता समूहों के साथ (जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी जरूरतें हैं) खुदरा विक्रेताओं को विभिन्न अवसरों को पहचानने और 'भारत' और 'इंडिया' में सफल होने के लिए वे कहां खेलना चाहते हैं, इसका तेजी से चयन करने की जरूरत होगी।



भारत में खुदरा बाजार 2024 में 82 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह 2014 में 35 लाख करोड़ रुपये का था। पिछले दशक के दौरान देश का खुदरा क्षेत्र सालाना 8.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की आर्थिक वृद्धि तथा विविधता वाले उपभोक्ता आधार की वजह से खुदरा क्षेत्र तेजी से बढ़ा है।

### भारत की उपभोग वृद्धि का रुख अच्छा रहा

रिपोर्ट कहती है कि कोविड-19 महामारी के समय को छोड़कर भारत की उपभोग वृद्धि का रुख अच्छा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खुदरा क्षेत्र 2024-34 के दौरान सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज करने के लिए तैयार है। इसमें कहा गया है कि भारतीय खुदरा क्षेत्र विशाल है और इसके 2034 तक 190 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है।

## नई कीमत 4.23 लाख रुपए, पहले 4.09 लाख थी

# मारुति ने लांच कर दी 6 एयरबैग वाली ऑल्टो के-टेन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मारुति ऑल्टो इंडिया के सबसे पॉपुलर कारों में से एक रही है। कंपनी अब इसे ऑल्टो के10 नाम से सेल करती है। इसके पॉपुलर होने का एक कारण ये भी है कि ये इंडिया की सबसे सस्ती कारों में से एक है। अब कंपनी ने इसे 6 एयरबैग सेटअप के साथ अपडेट किया है। यानी अब आपको ये बजट कार ज्यादा सेफ्टी के साथ मिलने वाली है। 6 एयरबैग जुड़ने के बाद इस कार की कीमत भी बढ़ गई है। 6 एयरबैग सेटअप के साथ अब इस कार की कीमत 16,000 रुपए तक बढ़ा दी गई है। अब इस कार की शुरुआती कीमत 4.23 लाख रुपए हो गई है। पहले यह कीमत 4.09 लाख रुपए थी। भारत में सरकार ने कारों में सेफ्टी के लिए नए रेग्युलेशन जारी किए हैं। इसलिए कंपनियां लगातार अपने मॉडल्स को 6 एयरबैग्स के साथ अपडेट कर रही हैं।

## इस कार में अब कई नए सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं

### मारुति ऑल्टो के10 सेफ्टी किट

पीछे के यात्रियों के लिए 3-पॉइंट सीट बेल्ट भी जोड़े गए। 6 एयरबैग के अलावा, मारुति ऑल्टो के10 के सुरक्षा सूट में रियर पार्किंग सेंसर, सभी पीछे के यात्रियों के लिए 3-पॉइंट सीट बेल्ट, सामान-प्रतिधारण क्रॉसबार, इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता कार्यक्रम (ईएसपी), एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) और इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक-फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन (ईबीडी) शामिल हैं।



### मारुति ऑल्टो के10 की सेल

मारुति ऑल्टो के10 के 74 प्रतिशत खरीदार पहली बार आए हैं यानी फर्स्ट टाइम बायर्स हैं। 2000 में बजट हैचबैक के भारत में आने के बाद से मारुति सुजुकी ने ऑल्टो की 46 लाख से ज्यादा यूनिट्स बेची हैं। कंपनी के चीफ मार्केटिंग एंड सेल्स एग्जीक्यूटिव, पार्थो बनर्जी ने भी कहा कि ऑल्टो के10 के 74 प्रतिशत खरीदार पहली बार कार खरीद रहे हैं।

### सुरक्षा का नया स्तर दिया

मारुति सुजुकी ने ऑल्टो के10 की सुरक्षा को एक नया स्तर दिया है। अब यह 6 एयरबैग्स के साथ स्टैंडर्ड रूप में उपलब्ध होगी। यह अपग्रेड इसे सेगमेंट की सबसे सुरक्षित कारों में से एक बनाता है। ऑल्टो के10 में अब फ्रंट ड्राइवर और पैसेंजर एयरबैग के अलावा, साइड और कर्टन एयरबैग्स भी जोड़े गए हैं। इसके अलावा कार में एबीएस, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम, रिवर्स पार्किंग सेंसर और ऑटो गियर टेक्नोलॉजी जैसे फीचर्स भी मिलते हैं।

# विदर्भ तीसरी बार बना रणजी ट्रॉफी चैंपियन, खिताबी मुकाबला रहा ड्रॉ



पहली पारी में बढ़त के आधार पर विदर्भ ने जीता खिताब

दानिश मालेवार 226 रन बनाकर बने प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▸▸| नागपुर

विदर्भ ने रविवार को अपने घरेलू मैदान पर खेले गए फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन केरल को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराकर तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब जीत लिया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। केरल ने इसके जवाब में 342 रन बनाए। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 37 रन की बढ़त मिली। विदर्भ ने मैच के पांचवे दिन तक दूसरी पारी में 9 विकेट के नुकसान पर 375 रन बनाए और केरल को खेलने के लिए बुलाए बिना ही मैच ड्रॉ करने का ऐलान किया गया। विदर्भ ने तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे पहले 2017-18 और 2018-19 सत्र में लगातार दो खिताब जीते थे।

### विदर्भ सर्वश्रेष्ठ टीम

अक्षय वाडकर की कप्तानी और मुख्य कोच उस्मान गनी की अगुआई वाली टीम ने पूरे रणजी ट्रॉफी सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विदर्भ लीग चरण में सभी चार ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ टीम रही, जिसने सात मैच में से छह जीत के साथ 40 अंक हासिल किए।

### दानिश प्लेयर ऑफ द मैच

विदर्भ ने रविवार सुबह 249/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 126 रन जोड़े और 5 विकेट गंवा दिए। दानिश मालेवार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने विदर्भ के लिए पहली पारी में 153 और दूसरी में 73 रन बनाए। टीम के लिए दूसरी पारी में करुण नायर ने 135 रन बनाए। दर्शन नालकांडे ने नाबाद 51 रन की पारी खेली।

### 10 मैच में से 9 मैच जीते

विदर्भ ने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी में खेले गए 10 मैच में से नौ में जीत हासिल की जो भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में टीम के प्रभुत्व को दर्शाता है।

### जीत के हीरो

**हर्ष दुबे : 69 विकेट, 476 रन**



22 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में 69 खिलाड़ियों को आउट करके सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया जो बिहार के आशुतोष अमन के 68 विकेट के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर रहा। दुबे ने 10 मैच में पांच अर्द्धशतकों के साथ 476 रन भी बनाए।

**यश राठौड़ : 5 शतक, 960 रन**



बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने 10 मैचों में पांच शतकों और तीन अर्द्धशतकों की मदद से 53.33 के औसत से 960 रन बनाकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**करुण नायर : 5 शतक, 863 रन**



नायर ने सिर्फ विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतकों के साथ ही टीम का नेतृत्व नहीं किया बल्कि रणजी ट्रॉफी में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे, उन्होंने नौ मैच में 53.93 के औसत से चार शतकों और दो अर्द्धशतकों की मदद से 863 रन बनाए।

**दानिश मालेवार : 783 रन**



21 वर्षीय दानिश मालेवार दो शतकों और छह अर्द्धशतकों की मदद से 52.20 के औसत से 783 रन बनाकर पांचवें स्थान पर रहे, उन्होंने फाइनल में 153 और 73 रन बनाए।

**अक्षय वाडकर 722 रन**



कप्तान अक्षय वाडकर भी पीछे नहीं रहे, वह 10 मैच में 45.12 के औसत से दो शतक और इतने ही अर्धशतकों के साथ 722 रन बनाकर सातवें स्थान पर रहे।

## खबर संक्षेप



### रित्विक चिली ओपन युगल चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारत के रित्विक चौधरी बोल्लिपल्ली ने कोलंबिया के निकोलस बारियेंतोस के साथ मिलकर शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्तेनी और मैक्सिमो गोंजालेस को सीधे सेटों में हराकर सैंटियागो में चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता। रित्विक और निकोलस की गैर वरीय जोड़ी ने गोंजालेस और मोल्तेनी को एक घंटा चले फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-2 से हराया। उन्होंने मैच में 11 ऐस लगाए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एक ही लगा सके।

### दिल्ली एफसी ने 10 मैच के बाद चखा जीत का स्वाद

**माहिलपुर।** दिल्ली एफसी ने रविवार को यहां आई-लीग में डेम्पो



स्पोर्ट्स क्लब को 2-1 से हराकर 10 मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच के सभी गोल पहले हाफ में हुए। दिल्ली की टीम के लिए समीर बिनॉन्ग (चौथे मिनट) और विक्टर कामहुका (20वें मिनट) ने गोल किए जबकि मार्कस जोसेफ (35वें मिनट) ने डेम्पो के लिए गोल किया। इस जीत के बावजूद दिल्ली तालिका में सबसे नीचे (17 मैचों में 13 अंक) है। दिल्ली एफसी ने बीते साल 19 दिसंबर को शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ अपना पिछला मैच जीता था। इसके बाद टीम ने 10 मैच खेले और सिर्फ दो ड्रॉ करने में सफल रहा।

चैंपियंस ट्रॉफी : चक्रवर्ती पांच विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज

# भारत जीत से शीर्ष पर, सेमीफाइनल में कल ऑस्ट्रेलिया से मिलेगी चुनौती

एजेंसी ▸▸| दुबई

वरुण चक्रवर्ती की फिरकी के जादू से भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में न्यूजीलैंड को रविवार को यहां 44 रन से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थी लेकिन भारत की इस जीत से सेमीफाइनल का कार्यक्रम तय हो गया। भारत के सामने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया जबकि न्यूजीलैंड के सामने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी।

- न्यूजीलैंड 44 रन से हारा, हेनरी और विलियमसन की पारी बेकार

भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर श्रेयस अय्यर (79) की अर्धशतकीय पारी की मदद से नौ विकेट पर 249 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 45.3 ओवर में 205 रन पर आउट कर दिया। न्यूजीलैंड के लिए केन विलियमसन ने 120 गेंद में 81 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से उन्हें तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाज का साथ नहीं मिला। चक्रवर्ती की फिरकी का न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। वह चैंपियंस ट्रॉफी में रविंद्र जडेजा (2013) और मोहम्मद शमी (2025) के बाद पांच विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज है। कुलदीप यादव को दो सफलता मिली जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट चटकाए।



### अय्यर का संयमित अर्धशतक

भारत ने शुरुआती सात ओवर में 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन अय्यर ने 98 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से 79 रन की संयमित पारी खेलने के अलावा अक्षर पटेल (42) के साथ चौथे विकेट के लिए 136 गेंद में 98 रन की साझेदारी कर टीम को खराब शुरुआत से उबारा। उन्होंने लोकेश राहुल (23) के साथ भी 42 गेंद में 44 रन की साझेदारी की। अक्षर ने 61 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में हार्दिक पंड्या ने 45 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 45 रन बनाकर टीम को 250 रन के करीब पहुंचाया।

### कोहली 300 मैच खेलने वाले 7वें भारतीय



विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में उतरते ही एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। यह कोहली के वनडे करियर का 300वां मुकाबला है। कोहली से पहले भारत के छह खिलाड़ियों ने 300 या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। इनमें शीर्ष पर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम दर्ज हैं। उन्होंने 463 मैचों में 18426 रन बनाए हैं। दूसरे पायदान पर महेंद्र सिंह धोनी हैं जिन्होंने 347 वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व किया। राहुल द्रविड़ (340) तीसरे, मोहम्मद अजहरुद्दीन (334) चौथे, सौरव गांगुली (308) पांचवें और युवराज सिंह (301) छठे पायदान पर मौजूद हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का यंग बो जैमीसन | 15 | 17 | 1 | 1 |
| शुभमन गिल पगबाधा हेनरी | 02 | 07 | 0 | 0 |
| कोहली का फिलिप्स बो हेनरी | 11 | 14 | 2 | 0 |
| अय्यर का यंग बो ओ'राउरकी | 79 | 98 | 4 | 2 |
| अक्षर का विलियमसन बो रविंद्र | 42 | 61 | 3 | 1 |
| राहुल का लाथम बो सेंटनर | 23 | 29 | 1 | 0 |
| पंड्या का रविंद्र बो हेनरी | 45 | 45 | 4 | 2 |
| जडेजा का विलियमसन बो हेनरी | 16 | 20 | 1 | 0 |
| शमी का फिलिप्स बो हेनरी | 05 | 08 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल: 50 ओवर में 249/9

गेंदबाजी : हेनरी 8-0-42-5, जैमीसन 8-0-31-1 , ओ'राउरकी 9-0-47-1, सेंटनर 10-1-41-1, ब्रेसवेल 9-0-56-0, रविंद्र 6-0-31-1.

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विल यंग बो चक्रवर्ती | 22 | 35 | 3 | 0 |
| रविंद्र का अक्षर बो पंड्या | 06 | 12 | 0 | 0 |
| विलियमसन स्टं. राहुल बो अक्षर | 81 | 120 | 7 | 0 |
| मिचेल पगबाधा कुलदीप | 17 | 35 | 1 | 0 |
| टॉम लाथम पगबाधा जडेजा | 14 | 20 | 0 | 0 |
| फिलिप्स पगबाधा चक्रवर्ती | 12 | 08 | 0 | 1 |
| माइकल ब्रेसवेल पगबाधा चक्रवर्ती | 02 | 03 | 0 | 0 |
| मिचेल सेंटनर बो चक्रवर्ती | 28 | 31 | 1 | 2 |
| हेनरी का कोहली बो चक्रवर्ती | 02 | 04 | 0 | 0 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 09 | 04 | 0 | 1 |
| ओ' राउरकी बो कुलदीप | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 45.3 ओवर में 205/10

गेंदबाजी : शमी 4-0-15-0, पंड्या 4-0-22-1, अक्षर 10-0-32-1, चक्रवर्ती 10-0-42-5, कुलदीप 9.3-0-56-2, जडेजा 8-0-36-1.

### सेमीफाइनल की 4 टीमें एक ही शहर में मौजूद



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वी की अनिश्चितता के कारण ग्रुप बी की शीर्ष दो टीमें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दुबई में मौजूद है। किसी वैश्विक टूर्नामेंट में ऐसा कम ही होता है कि अंतिम चार में पहुंचने वाली टीमों के लिए भविष्य की योजना पूरी तरह से साफ ना हो। ग्रुप ए से अंतिम चार में प्रवेश करने वाले भारत और न्यूजीलैंड को अगर इसमें शामिल कर लें तो वर्तमान में दुबई में सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी चारों टीमें है। ऑस्ट्रेलिया अंतिम चार में जगह पक्की करने के बाद शुक्रवार देर रात कराची से दुबई के लिए उड़ान भरी। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर अपने अंकों की संख्या पांच कर ली और ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए दुबई जाने वाली फ्लाइट में सवार हो गया।

## युकी ने दुबई में जीता पहला एटीपी 500 युगल खिताब




एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत के युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 पुरुष युगल खिताब जीत लिया जब उन्होंने आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सेइ पोपिरिन के साथ दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी फिनलैंड के हारी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन को दुबई टेनिस चैंपियनशिप में हराया। पहला सेट हारने के बाद दोनों ने शानदार वापसी करते हुए शनिवार को 51 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 7-6, 10-8 से जीता। इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे।

भांबरी और पोपिरिन ने खिताबी सफर में दुनिया की नंबर एक जोड़ी अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच को 4-6, 7-6, 10-3 से मात दी।

## सुधार के लिए अफगान से सीख ले वेस्टइंडीज: रिचर्ड्स

**मुंबई।** चैंपियंस ट्रॉफी में वेस्टइंडीज की अनुपस्थिति से 'निराश' और 'आहत पूर्व महान खिलाड़ी सर विवियन रिचर्ड्स चाहते हैं कि कैरेबियाई टीम खुद को विश्व क्रिकेट में एक ताकत के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए अफगानिस्तान से सीख ले। वेस्टइंडीज और श्रीलंका दो ऐसी टीमें है जो विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है लेकिन पाकिस्तान और दुबई में खेले जा रहे आठ-टीमों की प्रतियोगिता में के मौजूदा सत्र के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं।



'इंटरनेशनल मास्टर्स लीग' के संचालन समिति के सदस्य रिचर्ड्स ने रविवार को मीडिया से कहा, 'मैं बस उम्मीद कर रहा हूं कि मेरी वेस्टइंडीज टीम इन लोगों की किताब से सीख ले सकती है, क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने खेल में जुनून और ऊर्जा भर दी है। वे क्रिकेट की दुनिया में इतने लंबे समय से नहीं हैं जितना शायद कुछ अन्य टीमें है लेकिन उनमें संघर्ष करने का जज्बा कमाल का है। जब आप चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को देखते हैं और वेस्टइंडीज को नहीं, तो इसका मतलब है कि अफगानिस्तान कुछ सही कर रहा है।'



## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने स्पिन गेंदों का किया अभ्यास

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार दोपहर आईसीसी अकादमी में तीन घंटे का गहन अभ्यास सत्र आयोजित किया जिसमें उनका पूरा ध्यान स्पिन के खिलाफ अभ्यास पर लगा था। स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने जहां हल्का अभ्यास किया, वहीं युवा खिलाड़ियों ने पूरी ताकत लगाई।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आईसीसी अकादमी के सात नेट गेंदबाजों को चुना जिसमें सभी स्पिनर थे। इनमें बाएं हाथ के धीमी गति के गेंदबाज हर्षित सेठ के अलावा दो बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज, इतने ही ऑफ स्पिनर और एक लेग स्पिनर शामिल था।

2036 खेलों को लेकर कई अन्य देश भी दौड़ में शामिल

# ओलंपिक मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन को का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।



भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है। को ने साक्षात्कार में कहा, 'मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई। पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है।' पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीए, मैक्सिको और मिस्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा। लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है। 68 वर्षीय को दो बार ओलंपिक 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता हैं।

### खत्म नहीं करें महत्वाकांक्षा

भारत को सलाह देते हुए कहा कि अगर उसे 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो उसे ओलंपिक आयोजित करने की अपनी महत्वाकांक्षा को खत्म नहीं करना चाहिए। को ने कहा, 'बहुत से शहरों ने बोली लगाई और लेकिन उनकी बोली स्वीकार नहीं हुई। दिलचस्प बात यह है कि जब लंदन ने 2005 में (2012 चरण के लिए) बोली हासिल की थी, तो उसने पेरिस को हराया था। हम सभी अभी पेरिस ओलंपिक खेलों (2024) में गए थे। रियो उन शहरों में से एक था जो 2012 की बोली के लिए शुरुआती मूल्यांकन से आगे नहीं बढ़ पाया था। और ब्रिटेन के तुरंत बाद उनके पास 2016 में बोली थी। इसलिए यह किसी भी तरह से कहानी का अंत नहीं है। और बोली लगाने से मिली विरासत भी एक बहुत मजबूत विरासत है।'



अंतरिक्ष रहस्यों से भरा हुआ है, लेकिन अगर इंसान को बिना किसी सुरक्षा के वहां भेज दिया जाए तो वह कितनी देर तक जिंदा रह पाएगा। वैज्ञानिकों के अनुसार ओपन स्पेस में इंसान 15 सेकंड से ज्यादा जिंदा नहीं रह सकता।

# धरती के अलावा बाकी ग्रहों पर इंसान कितनी देर तक जिंदा रह पाएगा?

**लंदन।** अगर हम सौरमंडल के अलग-अलग ग्रहों पर जाने की कल्पना करें तो वहां मौत के तरीके भी अलग-अलग होंगे। कहीं जलकर राख हो जाना तय है, तो कहीं ठंड से जमकर मरना। कुछ ग्रहों पर इतनी जहरीली हवा होगी कि सांस लेना भी नामुमकिन हो जाएगा। सौरमंडल के ग्रहों पर इंसान के जिंदा रहने की संभावना नहीं के बराबर है। हर ग्रह पर मौत का तरीका अलग होगा। आइए जानते हैं कि किस ग्रह पर इंसान को किस तरह की मौत का सामना करना पड़ेगा। असल में एक साइंस की जर्नल में इस पर एक केस स्टडी की है। इसमें जॉर्जिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक शामिल थे।

### सूर्य पर मौत.. जलकर तुरंत भस्म

अगर कोई इंसान सूर्य पर चला जाए, तो वह तुरंत जलकर भस्म हो जाएगा। मशहूर वैज्ञानिक नील डेग्रास टायसन के अनुसार इंसान सीधे वाष्पित हो जाएगा।

**बुध ग्रह- या तो जलकर मरो या ठंड से जमकर :** बुध ग्रह पर दो तरह की मौतें हो सकती हैं। इसका एक हिस्सा सूरज की ओर रहता है जहां तापमान 426C तक पहुंच सकता है। यहां इंसान चंद सेकंड में जलकर राख हो जाएगा। दूसरी तरफ ग्रह का दूसरा हिस्सा -178C तक ठंडा होता है। जहां इंसान जमकर मर जाएगा।



### शुक्र ग्रह- गर्मी और जहरीली हवा से मौत

शुक्र ग्रह का तापमान 452C तक पहुंच जाता है। यानी इंसान यहां कुछ ही पलों में जल जाएगा। इसके अलावा यहां की हवा सल्फ्यूरिक एसिड से भरी होती है। जिससे सांस लेना नामुमकिन होगा। कुल मिलाकर यहां मौत बहुत दर्दनाक होगी।

**मंगल ग्रह- सांस रुकने से मौत :** एलन मस्क मंगल पर बसने का सपना देख रहे हैं, लेकिन यहां जीवन मुश्किल है। मंगल पर न तो सही वातावरण है और न ही पर्याप्त ऑक्सीजन। यहां इंसान तब तक जिंदा रहेगा, जब तक उसकी सांस नहीं रुक जाती।

### बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून- गैस के समुद्र में डूबकर मौत

ये सभी ग्रह गैस के बने हुए हैं और इनमें ठोस जमीन नहीं है। अगर कोई इंसान इन ग्रहों पर जाएगा तो वह गैस के बादलों में गिरता जाएगा और दबाव बढ़ने के कारण कुचलकर मर जाएगा।

### कौन-सी मौत ज्यादा भयानक?

अगर इंसान को सौरमंडल के ग्रहों में से किसी एक पर मरना हो तो वह या तो ठंड से जमेगा, जलकर राख हो जाएगा या फिर दबाव के कारण कुचलकर मरेगा। शुक्र और मंगल पर मौत ज्यादा पीड़ादायक होगी, जबकि बृहस्पति और शनि पर मौत इतनी जल्दी होगी कि महसूस करने का भी समय नहीं मिलेगा।

## रोचक खबरें

### अजब-गजब पौधा : जानवरों की बीमारी का रामबाण इलाज है ये पौधा, छूते सिकुड़ जाती हैं पत्तियां

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में एक ऐसा भी अजब-गजब पौधा पाया जाता है, जिसके बारे में बहुत ही कम लोग जानते हैं। इस पौधे की विशेषता यह होती है कि इसकी पत्तियों को छूने से यह सिकुड़ जाती है। साथ ही इसका औषधि के तौर पर भी उपयोग होता है। शिक्षक देवसिंह अहिरवार बताते हैं कि साइंस डिपार्टमेंट के टीचर राकेश अहिरवार ने स्कूल में बोटेनिकल गार्डन के रूप में लाजवंती (छुईमुई) का पौधा लगवाया है। ताकि बच्चे देख सकें और उसका महत्व समझ सकें। आयुर्वेद में विभिन्न प्रकार के महत्व बताए गए हैं। शिक्षक बताते हैं कि छुईमुई का पौधा औषधि के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। जानवरों से संबंधित बीमारियों में इस औषधि की जड़ बहुत काम आती है। जब मादा जानवर प्रेग्नेंट होती हैं जैसे प्रेग्नेंट भैंस है और वह कमजोर है तब एक ग्रेनी नाम की बीमारी होती है। इस बीमारी में जानवर की योनि से बेली निकलने लगती है तो फिर छुईमुई की जड़ को पीसकर हाथ में लगाकर बेली के सामने दिखाया जाता है तो बेली सिकुड़कर अंदर हो जाती है। शिक्षक बताते हैं कि लाजवंती औषधि को छुईमुई के नाम से भी जानते हैं, क्योंकि इस औषधि की पत्तियों को छूते ही ये सिकुड़कर बंद हो जाती हैं। हालांकि, कुछ देर बाद फिर से पत्तियां खुल जाती हैं।



### शिक्षक की विदाई का नहीं देखा होगा ऐसा भावुक पल, फूट-फूटकर रोने लगे छात्र-छात्राएं

**गोपालगंज।** गुरु-शिष्य की परंपरा को लेकर कई कहानियां आपने देखी और सुनी होंगी। गोपालगंज के एक सरकारी स्कूल में एक ऐसा वाकया सामने देखने को मिला, जिसने इस परंपरा को लेकर एक और बड़ी मिसाल पेश की है। विद्यालय के एक शिक्षक के रिटायर होने के बाद उनकी विदाई हो रही थी। इस दौरान स्कूल की छात्र-छात्राएं उस शिक्षक से लिपट कर फूट-फूट कर रोने लगे। छात्रों को रोते देख विदा हो रहे शिक्षक भी रोने लगे। यह दृश्य देख विद्यालय के अन्य शिक्षक व ग्रामीणों की भी आंखें भर आई। पूरा माहौल गमगीन हो गया। यह वाक्या भोरे प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय का है, जहां के सहायक शिक्षक अशोक श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति के बाद विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया। स्कूल के प्राचार्य तथा अन्य शिक्षकों ने विदा हो रहे शिक्षक के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके बेहतर कार्यों की तारीफ की, लेकिन जब कार्यक्रम का समापन हुआ और शिक्षक विद्यालय से जाने लगे तो छात्र-छात्राएं उनसे लिपट कर रोने लगे। विदाई का यह दृश्य देखकर गांव वाले भावुक थे। उनका कहना था कि ऐसा दृश्य तो किसी बेटी की विदाई के समय देखा जाता है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि शिक्षक अशोक श्रीवास्तव का कार्यकाल काफी बेहतर रहा। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक विकास के लिए काफी नए प्रयास किए। छात्र-छात्राओं से भी उनका काफी बेहतर जुड़ाव था, जिस कारण उनके विदा होते ही छात्र-छात्राएं होने लगे। वहीं, सेवानिवृत शिक्षक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर सहयोग हमें मिला है। इसके साथ ही बच्चों ने भी पठन-पाठन में मेरा साथ दिया है, जिसे हम कभी भुला नहीं सकते।




### सोच-समझ कर : महिला ने सुन्दर दिखने के लिए करवाई सर्जरी, चेहरा हो गया बर्बाद

**लंदन।** भगवान ने दुनिया की हर चीज को काफी सोच-समझ कर बनाया है। हर एक चीज को भगवान ने खूबसूरत बनाया है। चाहे वो इंसान हो या जानवर। जिंदा रहने के लिए जिसे जैसी जरूरत होती है, वैसा ही भगवान उसे बनाकर भेजता है। लेकिन, इंसानों में कई बार संतुष्ट नहीं होता। खासकर महिलाओं के मन में अपने लुक्स को लेकर कई बार ऐसी असंतुष्टि जाग जाती है, जिसके बाद वो किसी भी हद तक चली जाती है। मेकअप तक तो ठीक था, लेकिन अब महिलाएं सर्जरी के जरिये भी अपने चेहरे में बदलाव लाने की कोशिश करती हैं। मार्केट में कई तरह के कॉस्मेटिक सर्जरी के ऑप्शन आ गए हैं, जिसकी मदद से लोग अपने चेहरे के नक़्शे को बदलते नजर आ रहे हैं। कोई अपनी नाक को ठीक करवाता है तो कोई चेहरे के कटिंग को। इस सर्जरी के लिए लोग अच्छे-खासे पैसे भी देने को तैयार होते हैं। मार्केट भी लोगों की इस जरूरत को बखूबी भुनाने में लगा है। यही वजह है कि अब हर कुछ दूरी पर आपको कॉस्मेटिक सर्जरी के क्लिनिक्स नजर आ जाएंगे। लेकिन, इसी के साथ अब धोखे की दुकान भी खुलने लगी है। यूं तो कॉस्मेटिक सर्जरी का प्रोसीजर काफी महंगा आता है, लेकिन कई बार कुछ ढोंगी ज्यादा क्लाइंट्स को आकर्षित करने के लिए बिना ख़ास क्वालिफिकेशन के क्लीनिक खोल देते हैं। वो अपने क्लाइंट्स को सस्ते दाम में सर्जरी का झांसा देते हैं। ऐसे ही झांसे में फंसकर इस महिला ने अपना चेहरा बर्बाद कर लिया। सोशल मीडिया पर महिला का बोटॉक्स फेसलिफ्टिंग के बाद का रिजल्ट शेयर किया। इस प्रोसीजर में चेहरे की झुर्रियां खत्म कर स्किन को टाइट कर दिया जाता है।




अमेरिकी कंपनी ने चांद अपना अंतरिक्ष यान उतारकर इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाला यह दूसरा निजी मिशन था।



# अमेरिकी कंपनी का कमाल, चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास में लिखवाया नाम

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट मिशन 1, रविवार 2 मार्च को अमेरिका के स्थानीय समयानुसार सुबह 3:34 बजे चंद्रमा के उत्तरपूर्वी हिस्से में उतरा। टेक्सास के ऑस्टिन में मिशन कंट्रोल रूप में जब इसकी घोषणा की गई तो टीम खुश से झूम उठी। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा की कमर्शियल लूनर पेलो सर्विस पहल के हिस्से के रूप में ब्लू घोस्ट मिशन 1 चांद पर 10 वैज्ञानिक और तकनीकी उपकरण पहुंचाए।

### 15 जनवरी को हुई था लॉन्च

नासा से समर्थित इस मिशन का उद्देश्य भविष्य में लागत को कम और आर्टेमिस का समर्थन करना है। अमेरिका के महत्वपूर्ण आर्टेमिस कार्यक्रम को अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। लगभग एक दरियाई घोड़े के आकार का यह लैंडर इसी साल 15 जनवरी को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था, जिसने रास्ते में पृथ्वी और चंद्रमा के आश्चर्यजनक दृश्य लिए थे।




### चंद्रमा की सतह से ली गई पहली तस्वीर

चंद्रमा पर लैंड करने के बाद ब्लू घोस्ट ने चांद की सतह से ली गई अपनी पहली तस्वीर भेजी है, जो जबर्दस्त है। फायरफ्लाई एयरोस्पेस द्वारा पहली सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि स्नैपशॉट में ब्लू घोस्ट की सभी खूबियां समाहित हैं। साहसिक महत्वाकांक्षा, अजेय प्रेरणा और नवाचार की भावना। कंपनी ने कहा कि यह तस्वीर उस टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है जिसने चंद्रमा पर इस अग्रणी मिशन को बनाया।

### चांद पर लैंडिंग करने वाली दूसरी निजी कंपनी

इस सॉफ्ट लैंडिंग के साथ ही फायरफ्लाई दूसरी निजी कंपनी बन गई है, जिसने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इसके पहले ह्यूस्टन स्थित इंट्यूटिव मशीन्स ने पिछले साल ओडीसियस लैंडर ने सफल लैंडिंग कराई थी। इसके पहले भारत समेत पांच देश, सोवियत संघ, अमेरिका, चीन, भारत और जापान ही ऐसा कर पाए थे। पूर्ण चंद्र दिवस (पृथ्वी के 14 दिन) के दौरान संचालित करने के लिए डिजाइन किया गए ब्लू घोस्ट के 14 मार्च को पूर्ण ग्रहण की हाई-क्वालिटी की तस्वीरों को कैप्चर करने की उम्मीद है, जब पृथ्वी चंद्रमा के क्षितिज से सूर्य को ब्लॉक करती है। 16 मार्च को यह चंद्र सूर्यास्त को रिकॉर्ड करेगा। यह इस बात की जानकारी देगा कि सौर प्रभाव के तहत सतह से धूल कैसे उड़ती है।



# शख्स ने 20 बीवियों से की शादी, पैदा कर चुके हैं 104 बच्चे

**नई दिल्ली।** आजकल इंसान शादी करके एक बीवी और दो बच्चे पाल ले, यही बड़ी बात है। लेकिन, कुछ लोग इतने हिम्मती होते हैं कि वो 20-20 शादियां कर लेते हैं। आप सोचकर ही हैरान हो रहे होंगे कि आखिर कोई कैसे इतनी पत्नियों को संभालता होगा तो आपको बता दें कि आज हम आपको जिस शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उसकी 16 पत्नियां एक साथ ही रहती हैं और बिल्कुल बहनों की तरह।

आपने बहुत बड़े-बड़े परिवार देखे होंगे, जिसमें 40-50 सदस्य हों। हालांकि, आज हम आपको जिन शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उन्होंने मज़ाक-मज़ाक में 20 शादियां कर डालीं। इनमें से 4 पत्नियों की मौत हो गई और इस वक्त उनकी 16 बीवियां हैं, जिनका एक लंबा परिवार है, जो एक साथ एक ही छत के नीचे रहता है। उनमें आपस में किसी तरह का बैर नहीं है।

### पिता के कहने पर की शादियां

एक रिपोर्ट के मुताबिक तंजानिया के छोटे से गांव में रहने वाले कपिंगा नाम के शख्स ने ऐसा घर बसाया कि दुनिया भर में मशहूर हो गए। अफ्रीकन आदमी की इस वक्त 16 पत्नियां हैं, 104 बच्चे हैं और 144 नाती-पोते हैं। उनका घर नहीं पूरा एक गांव है, जहां खाना-पीना किसी भंडारे की तरह बनता है। घर में हर वक्त मानो मेला सा लगा रहता है। कपिंगा ने 1961 में अपनी पहली शादी की थी और एक बच्चे को जन्म दिया था। उनके पिता ने उन्हें परिवार और बढ़ाने के लिए कहा और प्रस्ताव रखा कि वो और शादियां करेंगे, तो वे उन्हें दहेज के पैसे देंगे।

# गुंडराजगुडेम मुठभेड़ में मारे गए 10 लाख के 2 इनामी नक्सली की हुई शिनाख्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सुकमा जिले के गुंडराजगुडेम मुठभेड़ में मारे गए 2 माओवादियों की शिनाख्त हो गई है। जिसमें पामेड़ एरिया कमेटी में सक्रिय महिला माओवादी सोड़ी लिंगे एसीएम एवं पुरूष माओवादी पोड़ियाम हड़मा एसीएम कैडर के हैं। इन दोनों पर कुल 10 लाख का इनाम घोषित था। घटना स्थल से रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है।

- भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद
- एक बीजीएल लांचर, एक 12 बोर बंदूक, वायरलेस सेट सहित अन्य सामान बरामद

एसपी सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में सोड़ी लिंगे एरिया पडियारो पोल्लो अध्यक्ष पर 5 लाख और पोड़ियाम हड़मा जनताना सरकार अध्यक्ष निवासी बीजापुर पर 5 लाख का इनाम था।

घटनास्थल से एक बीजीएल लांचर, एक 12 बोर बंदूक, 5 बीजीएल सेल, पांच 12 बोर रायफल के जिंदा राउंड 1 वायरलेस सेट, 4 बीजीएल कॉटीज, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है।

### आने वाले दिनों में मिलेंगे अच्छे परिणाम

बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ, सीएएफ एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल लोकतंत्र की रक्षा व क्षेत्र की शांति के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में इस दिशा में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

सुन्दरराज पी., आईजी बस्तर




### गोलगप्पे के ठेले पर लिखी ऐसी शायरी, दौड़-दौड़कर आने लगे कस्टमर

भारत के सबसे ज्यादा लोकप्रिय स्ट्रीट फूड में से एक गोलगप्पे हैं। आप कहीं पर भी चले जाएं, गोलगप्पे के कई ठेले आपको मिल जाएंगे। इसी से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि लोगों को इसका स्वाद कितना ज्यादा पसंद होता है। जो गोलगप्पे के फैन होते हैं, उन्हें सस्ते से सस्ते और अच्छे से अच्छे गोलगप्पे के ठेले का पता मालूम रहता है। एक ऐसा ही ठेला इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पानीपुरी खाने के शौकीन लोगों गोलगप्पे खाने के लिए कभी भी इनवाइट किया जा सकता है। एक गोलगप्पे वाले भैया ने अपने ग्राहकों को इनवाइट करने का ज़बरदस्त तरीका ढूंढ निकाला है। कई बार दुकानों को पॉपुलर बनाने के लिए दुकानदार कुछ ऐसा जुगाड़ ढूंढकर लाते हैं, जो हिट हो जाता है। इस वक्त एक गोलगप्पे वाले का ठेला भी उसकी दिलचस्प शायरी की वजह से चर्चा में है।

# 10 साल की पहेली को एआई ने 2 दिन में ही सुलझाया




**न्यूयार्क।** दुनिया के वैज्ञानिक एक सवाल का जवाब ढूंढने में 10 साल से लगे थे, लेकिन एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल ने वही सवाल सिर्फ 2 दिनों में हल कर दिया। इम्पीरियल कॉलेज लंदन के प्रोफेसर जोस आर पेनाडेस और उनकी टीम यह समझने की कोशिश कर रही थी कि कुछ सुपरबग्स यानी खतरनाक बैक्टीरिया एंटीबायोटिक्स के खिलाफ ताकतवर कैसे बन जाते हैं। जब उन्होंने गूगल के नए एआई टूल 'को-साइंटिस्ट' से इस पर सवाल किया तो उन्हें तुरंत जवाब मिल गया। यह वही जवाब था जिसे ढूंढने में उनकी टीम को एक दशक लग गया था!

**क्या एआई ने रिसर्च चुरा ली :** प्रोफेसर को लगा कि कहीं एआई ने उनकी रिसर्च चोरी तो नहीं कर ली। उन्होंने तुरंत गूगल को ईमेल किया और पूछा कि क्या आपके पास मेरे कंप्यूटर की जानकारी थी? गूगल ने इस बात से साफ इनकार कर दिया। वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी रिसर्च में सबसे ज्यादा समय अपने सिद्धांत (थ्योरी) को साबित करने में लग गया। अगर उन्हें पहले ही एआई की दी हुई जानकारी मिल जाती तो उनका काम बहुत आसान हो जाता।

**एआई ने दिए और भी नए जवाब :** गूगल के इस एआई टूल ने सिर्फ एक नहीं, बल्कि चार और नए उत्तर भी दिए। इनमें से एक तो ऐसा था जिसके बारे में वैज्ञानिकों ने कभी सोचा ही नहीं था। अब वे उस पर आगे रिसर्च कर रहे हैं। प्रोफेसर पेनाडेस ने कहा कि यह कोई मामूली टूल नहीं है। इसने न केवल हमारी रिसर्च को सही साबित किया, बल्कि ऐसी बातें भी बताईं जो हमें अब तक नहीं पता थीं।

### क्या एआई विज्ञान की दुनिया बदल देगा?

आजकल एआई को लेकर खूब चर्चा हो रही है। कुछ लोग इसे वैज्ञानिक तरक्की मानते हैं तो कुछ इसे नौकरियों के लिए खतरा बता रहे हैं। प्रोफेसर पेनाडेस का मानना है कि एआई एक बहुत ही ताकतवर और मददगार टूल साबित होगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि एआई विज्ञान की दुनिया को बदल देगा। यह ऐसा है, जैसे मुझे किसी बड़े मुकाबले में खेलने का मौका मिल गया हो, जैसे मैं एआई के साथ चैंपियंस लीग का मैच खेल रहा हूं!

### गूगल का एआई कैसे काम करता है?

प्रोफेसर पेनाडेस और उनकी टीम ने इस एआई टूल से एक छोटा-सा सवाल पूछा। सिर्फ 48 घंटे में एआई ने सही जवाब दे दिया। यह देखकर वैज्ञानिक हैरान रह गए, क्योंकि इस जानकारी को अब तक किसी ने पब्लिश नहीं किया था। उन्होंने बताया कि जब मैंने एआई का जवाब देखा तो मैं खरीदारी कर रहा था। मैंने तुरंत अपने साथ वाले व्यक्ति से कहा, मुझे कुछ समय अकेला छोड़ दो, मुझे इस पर सोचने की जरूरत है।

रोग — दुनिया के एक इलाके में ये हर साल मार रही है लोगों को

# बहुत दुर्लभ है ये रोग, नाम करता है कनफ्यूज

एजेंसी ⏭ लंदन

क्या हंसी का कोई रोग भी होता है? आपको भले ही यह सवाल बेतुका सा लगे। इसका संबंध एक दुर्लभ रोग से है। इसे करीब 50 साल पहले ही खोजा गया था। सबसे अजीब बात ये है कि इसका हंसी से लेना देना है ही नहीं, लेकिन दुर्लभ होने क बाद भी दुनिया के एक इलाके में ये लोगों को हर साल मार रही है। हम बात कर रहे हैं कुरू की। इसे लाफिंग सिकनेस भी कहा जाता है। सबसे अजीब बात बीमारी का नाम नहीं, बल्कि वह वजह है जिससे ये लोगों में हो जाती है।

**और भी हैं इसके नाम :** कुरू नाम आपको बहुत ही अजीब लगे या भारतीय पौराणिक कथाओं को लगे। लेकिन, जब लोग इसके दूसरे नाम जैसे कि लाफिंग डिसीज या लाफिंग डेथ नाम सुनते हैं, तो इनकी जिज्ञासा बढ़ जाती है। इसकी कहानी रोचक है इसे 1950 के दशक में पपुआ न्यू गिनी में खोजा गया था, इसकी पड़ताल ने शोधकर्ताओं को हैरान कर रख दिया था।



### एक अजीब सा रोग

जब शोधकर्ता इस इलाके में पहुंचे तो वहां की फोर जनजाति से संपर्क करने के बाद उन्हें एक अजीब बात दिखी। उन्होंने पाया कि 11 हजार की आबादी वाली जनजाति में एक अजीब सा रोग फैला है, जिसकी वजह से हर साल करीब 200 लोगो मौत के मुंह में जा रहे हैं। शुरू में दो उन्हें लगा कि यह रोग किसी संक्रमण या जेनिटिक्स की वजह से हो रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रोग तब होता है जब कोई दिमाग का संक्रमित हिस्सा खा लेता है। इसका असर और भी खतरनाक और अजीब है। यह सीधा मस्तिष्क पर असर करता है।

### एक बहुत ही अलग वजह

शोधकर्ताओं ने ज्यादातर बच्चों और वयस्क महिलाओं को होने वाले रोग की पड़ताल की। तब उसके नतीजे ने उन्हें हैरान करके रख दिया, क्योंकि यह रोग परिवार के मरे लोगों का दिमाग खाने की परंपरा की वजह से हो रहा था। शोधकर्ताओं ने इंस्टाग्राम पोस्ट समझाते हुए बताया कि यह रोग होता कैसे है।

### क्यों है ये परंपरा

पोस्ट के मुताबिक एक शोधकर्ता ने समझाया कि जब शरीर गाड़ा जाता है, तो उसे कीड़े खा लेते हैं और अगर उसे प्लेटफॉर्म पर जाए तो उड़ने वाले कीड़े खाने लगते हैं। फोर जनजाति के लोग मानते थे कि इससे कि परिवार के मृतक का शव कीड़े खा जाएं,यह बेहतर होगा कि उसे परिवार के अन्य सदस्य खा लें। लेकिन ,जल्दी ही ये परंपरा बंद कर दी गई।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
PRP तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com